डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 01 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-284, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



श्रीजा टेबल टेनिस महिला एकल प्री-क्वार्टर...

संसेक्स
81,741.34 ▲ +285.95

डॉलर
83.672 ▲ -0.063

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 69,470
01 किलो 83,820

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# इंद्रदेव मेहरबान, झूम के बरसे बदरा...

## किसानों के चेहरे पर मुस्कान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। इस सीजन में सबसे बेहतर बारिश हो रही है। बारिश से फायदा और नुकसान भी सामने आया है। शहरी क्षेत्र में बारिश के कारण सड़क एवं घरों में भारी जलभराव हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में खेती की आस जगाए किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट गयी है। चार घंटे की बारिश में जिले के करीब करीब खेतों में पानी भर जाने की खबर है। खेतों में पानी देखकर किसान एक बार फिर कृषि कार्य में जुट गए हैं।

### पलामू में मूसलाधार बारिश से शहरी क्षेत्र में घुसा पानी



जिला मुख्यालय मेदिनीनगर की बात करें तो शहर के नीचले इलाके, गम्हेल रोड, गौसिया मदरसा, झोपड़पट्टी, राहत नगर, नूरी मस्जिद रोड, कुंड मुहल्ला, पहाड़ी मुहल्ला, शास्त्री नगर में भारी जलभराव हो गया है। सड़कों पर पानी भरने के कारण कई घंटे तक लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। एक दर्जन घरों में नाले का गंदा पानी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीसरे वर्ष सूखे की संभावना

उल्लेखनीय है कि लगातार तीसरे वर्ष पलामू जिले में सूखे की स्थिति बन रही है। 30 जुलाई तक 500 मिलीमीटर वर्षा की जगह मात्र 168 मिमी वर्षा हुई है। खरीफ फसलों के अच्छादन की बात करें तो लक्ष्य 1,35,917 हेक्टेयर के विरुद्ध 37480 हेक्टयर में ही खेती की गयी है, जो लक्ष्य का 27.58 प्रतिशत है। बात केवल धान की की जाए तो इस वर्ष 51 हजार हेक्टयर लक्ष्य के विरूद्ध 30 जुलाई तक मात्र 76 हेक्टर में धान की रोपनी की गयी है, जो 0.15 प्रतिशत है।

# झारखंड के राज्यपाल के रूप में संतोष गंगवार ने ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार ने बुधवार को पद की शपथ ली। झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में संतोष गंगवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। गंगवार ने सीपी राधाकृष्णन की जगह ली। राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। शपथ ग्रहण के बाद संतोष गंगवार ने जोहार के साथ अपना संबोधन शुरू किया। राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह राज्य प्रकृतिक और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। हम उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड काफी अच्छे ढंग से तरक्की करेगा। शपथ लेने से पहले संतोष गंगवार ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में बिरसा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्यपाल के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ मिलेगा : हेमंत सोरेन

शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्रियों ने संतोष गंगवार को फूलों का गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड वासियों की ओर से नये राज्यपाल संतोष गंगवार का स्वागत करते हैं। राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनका लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है, जिसका लाभ झारखंड को मिलेगा, ऐसी उम्मीद करते हैं। इस मौके पर विधानसभा स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### राज्य में जल्द होगा जल संसाधन आयोग का गठन : चंपाई सोरेन



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल्दी ही जल संसाधन आयोग का गठन किया जायेगा। आयोग का गठन हो जाने के बाद राज्य में वृहद जलाशय का रोड मैप सरकार की ओर से तैयार किया जायेगा। वृहद जलाशय से केनाल या पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचाने का काम सरकार करेगी। योजना के बारे में जानकारी देते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम पाइप लाइन से ही संभव है। साथ ही मंत्री ने बताया कि राज्य में सुखाड़ को लेकर कृषि विभाग हर सप्ताह स्थिति का आकलन कर रहा है। चंपाई ने कहा कि सुखाड़ से निबटने के लिए स्थायी समाधान की कार्य योजना भी तैयार की जाएगी। अगस्त के अंतिम में विभाग केंद्र सरकार को सुखाड़ की रिपोर्ट भेजेगा। वहीं, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में जानकारी दी है कि वर्ष 2024-25 में विभाग ने मोटा अनाज के लिए 50 करोड़ रुपये का निर्धारण किया है। दरअसल, प्रदीप यादव ने सदन में ध्यानाकर्ष प्रश्न के जरिए सुखाड़ पर सरकार की तैयारी पर सवाल पूछा था। प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में मात्र 10 प्रतिशत धान की रोपाई हुई है। उन्होंने राज्य में सिंचित भूमि का प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जोर दिया। कहा कि सिंचित भूमि का प्रतिशत बढ़ाने से ही राज्य के किसानों को आर्थिक अभाव के कुचक्र से बाहर निकाला जा सकता है।

# देर रात तक सदन के अंदर धरने पर बैठे रहे राजग विधायक

- मुख्यमंत्री से विभिन्न सवालों पर जवाब मांग रहे हैं विधायक
- सदन के अंदर की सभी लाइटें और एसी बंद कर दी गई हैं





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भाजपा विधायक बड़ा सा बैनर लेकर सदन पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। यह धरना प्रदर्शन सदन के स्थगित हो जाने के बाद देर रात तक जारी है। बैनर में भ्रष्ट, निकम्मी, झूठी, लुटेरी और युवाओं को ठगने वाली हेमंत सरकार जवाब दो लिखा है। साथ ही कई सवाल लिखे हैं। मनरेगा कर्मी के परमानेंट का क्या हुआ, सहायक पुलिस के परमानेंट का क्या हुआ, होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ, पोषण सखी के परमानेंट का क्या हुआ, पारा शिक्षक के परमानेंट का क्या हुआ, कंप्यूटर कर्मी डाटा ऑपरेटर का परमानेंट का क्या हुआ, जल सहिया के परमानेंट का क्या हुआ, शिक्षकों की मांग पूरी करो, बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ, स्थानीय नीति नियोजन नीति का क्या हुआ, नगर पालिका की सफाई कर्मियों की मांगे पूरी करो सहित तमाम मुद्दे बैनर में लिखे हैं। इधर दूसरे पाली में जब कार्यवाही शुरू हुई तो फिर बीजेपी विधायक सीएम से सारे प्रश्नों का जवाब देने की मांग करने लगे। कहा, अंतिम सत्र के अंतिम दिन सीएम जवाब देंगे तो क्या होगा। ये कहते हुए बीजेपी के सारे विधायक बेल में चले गए और कहा कि जब तक सीएम का जवाब नहीं होता, तब तक हम यहीं रूकेंगें। बीना जवाब सूने हम यहा से नहीं जाएगें। सदन स्थगित होते ही सत्ता पक्ष के विधायक सदन से चले गए, लेकिन बीजेपी विधायक व आजसू के लंबोदर महतो सदन के अंदर जमीन पर बैठ गए और नारा लगाने लगे। इधर देर शाम तक विधायक सदन के अंदर धरने पर बैठे हुए हैं। सदन की लाइट और एसी बंद कर दी गई है। लेकिन सभी विधायक अंधेरे में ही बैठे हुए हैं।

**धरने पर बैठे विधायकों को मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री :** इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायको को मनाने सदन के अंदर पहुंचे और कहा कि चलिए सत्ता लोबी में जाय पिते हुए बात करते हैं। बीजेपी विधायकों ने काह कि आप आश्वासन दिजिए की गुरुवार को आप बोलेंगे और जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन कब बलेगा ये तो स्पिकर तय करेंगे। मुख्यमंत्री के मानाने के बावजूद विधायक नहीं माने तो मुख्यमंत्री वहां से वापस चले गए।

### जब से जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा कांटा चुभ रहा : हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब से मैं जेल से बाहर आया हूं, विपक्षियों को ज्यादा ही कांटा चुभ रहा है। विपक्षियों की बहुत सारी चिंताएं हैं। सीट पर बैठ नहीं पाते हैं। इनकी कुर्सी में कांटा है। झट से खड़े हो जाते हैं। विपक्षियों को भरपूर रूप से संतुष्ट करेंगे। इनका धरना-प्रदर्शन भी देखा, इनकी मंशा भी समझ लिया। सभी सवालों को नोट किया जा रहा है, इसका बिंदुवार जवाब दिया जायेगा। नौकरी से लेकर बाकी सारी इच्छाओं का भी इनको जवाब मिलेगा। आपलोग जरूर सुनियेगा। मुख्यमंत्री सदन में अनंद ओझा के पेयजलापूर्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खड़े हुए थे। इससे पहले अनंत ओझा और पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच साहेबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर बहस चल रही थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि अनंत ओझा हमारे जिले के साथी हैं। दो दिन पहले ही मैंने जलापूर्ति योजना को देखा था। 2013-14 में मैंने ही इसकी आधारशिला रखी थी। वहां पर कई समस्याएं हैं। गंगा नदी सामान्य नदी नहीं है। गंगा नदी से पानी लेने की लंबी प्रक्रिया है। देश के एक बड़े व्यापारी अडानी का भी फोन आया था। इस प्रोजेक्ट के लिए काफी डायवर्जन करना पड़ा। कई अचड़ने आयी हैं।

## आज | कल




# लातेहार में पुलिस जवान की गोली लगने से मौत

**लातेहार।** जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत करमडीह पिकेट में पदस्थापित जवान प्रमोद सिंह की मौत बुधवार को संदेहास्पद स्थिति में गोली लगने से हो गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि जवान के द्वारा राइफल की सफाई किए जाने के दौरान फायर हो जाने से उसे गोली लगी। बताया गया है कि मृतक जवान प्रमोद सिंह पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलपोल गांव के रहने वाले थे। वह तीन दिन पहले छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौटे थे। बुधवार को वह अपने बैरक में ही थे। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर कैंप में पदस्थापित अधिकारी और जवान वहां पहुंचे तो देखा कि प्रमोद सिंह खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए हैं। जब तक अधिकारी कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक छानबीन में अधिकारियों ने पाया कि राइफल सफाई करने के दौरान मिस फायर हो जाने से प्रमोद सिंह को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस ने हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

# झारखंड विधानसभा में बालू पर बवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में लगातार हंगामे के कारण किसी विषय पर सार्थक चर्चा नहीं हो पा रही है। बुधवार को सत्र के चौथे दिन विधानसभा में बालू के सवाल पर जमकर बवाल हुआ। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में नॉन टैक्स पेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा की थी। इसे लेकर विपक्ष ने बुधवार को हेमंत सरकार को घेरने की कोशिश की। भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। पहले भी सरकार ने इसी सदन में कहा था कि पंचायत के माध्यम से बालू उपलब्ध करायेंगे। बालू ना तो पंचायत के माध्यम से मिला ना ही अबुआ आवास का निर्माण हुआ। झारखंड के मजदूर पलायन कर रहे हैं। शशिभूषण मेहता ने कहा कि जब भाजपा ने सरकार को घेरने का काम किया तो लोगों का ध्यान बांटने के लिए फ्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड में बालू है ही नहीं, तो देंगे कहां से : भानू प्रताप शाही



भानू प्रताप शाही ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि आप एक मुट्ठी बालू लेकर दिखा दीजिए। झारखंड में बालू है ही नहीं। सरकार ने पूरी तरह से झूठ बोला है। जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। जब सरकार ने टेंडर ही नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### फ्री में बालू देना झारखंड के लिए सराहनीय कदम : दीपिका



मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस योजना को झारखंड के लिए सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि झारखंड की कई योजनाएं चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, अबुआ आवास हो, मइयां सम्मान योजना हो, यहां से सीखकर अन्य राज्य भी इसका अनुसरण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना : बन्ना गुप्ता



स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सायराना अंदाज में कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में मंगलवार को ही बालू वाली योजना की घोषणा की है। इस योजना के लिए जल्द सारी एसओपी तैयार की जायेगी, जो नॉन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# गायब होते तालाब और अंधाधुंध शहरीकरण घातक



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

झारखंड उच्च न्यायालय ने नगर निगम से पूछा है रांची के 71 तालाब कहां गए? शहर, कस्बों से लेकर महानगर तक की प्रशासनिक सीमारेखा से ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बड़े भवन निर्माताओं की सुव्यस्थित कॉलोनियों के अलावा बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो, जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है।

पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा। गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध राजसहायता बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाई गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। बतौर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले इसका विरोध यह कहकर किया था कि इससे कृषि प्रधान राज्यों में मेहनत-मजूरी करने वाले लोगों के बीच मुफ्तखोरी की बढ़ेगी जो आगे चलकर कृषि के लिए घातक साबित होगी। पर उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने चुप करा दिया था। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके।लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली



एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं। इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है।शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं।इसके मूल में बेरोजगारी है। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पलायन को कम करने के लिये ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करने में मनरेगा जैसी योजनाओं ने गावों से शहरों की ओर पलायन कम करने में अहम भूमिका निभाई है।शहरी फैलाव,आवास और मलीन बस्तियों का विस्तार, भीड़ और व्यक्तिवाद की भावना, पानी की आपूर्ति और जल निकासी का बेहतर न होना,शहरी बाढ़,परिवहन और यातायात की समस्या,बिजली की कमी,प्रदूषण,शहरी ग्रीष्म द्वीप प्रभाव,अपराध और बाल अपराध,भीख,शराब और ड्रग्स की समस्या और भ्रष्टाचार और मजबूरी का सौदा करते नेता इसे सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था, जल निकास, पार्क, दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं।

### हमास चीफ इस्माइल हानिया तेहरान में मारा गया

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में आतंकी संगठन हमास चीफ इस्माइल हानिया मारा गया। बुधवार सुबह उनके आवास पर हमला कर हत्या कर दी गई। हानिया मंगलवार को ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ था। उसकी ईरान के सर्वोच्च नेता से भी मुलाकात हुई थी। ईरानी राज्य टेलीविजन पर विश्लेषकों ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि इजरायल ने पिछले साल सात अक्टूबर के हमले के बाद इस्माइल हानिया को मारने और हमास समूह को खत्म करने की शपथ ली थी। इसी साल अप्रैल में इजराइली सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक के दौरान तीनों की मौत हुई थी।

# नगर पंचायत में बरसात की पहली बारिश में खुली पोल, नाली का पानी सड़कों पर बहने से परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को बरसात की हुई मुसलाधार बारिश के पानी ने हुसैनाबाद नगर पंचायत की सूरत बिगाड़ दी हैं। वहीं इस बरसात ने शहर में विकास के कई बड़े राज को खोलने का कार्य किया। जबकि अभी पूरा बरसात बाकी हैं। जपला शहर में मुसलाधार हुई बारिश से नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहने से लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। साथ ही अंबेडकर चौक के समीप सभी दुकानों में पानी प्रवेश कर गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने इसकी शिकायत कार्यालय में जाकर की है। वहीं सड़कों पर पाइप लाइन बिछाने के बाद मिट्टी छोड़ने के कारण वार्ड नंबर तीन के समीप आईटीआई व इसके पीछे वार्ड नंबर दो के मुख्य सड़कों पर कीचड़ से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही हैं।वहीं बारिश से आवागमन बाधित हो गया है।इस कीचड़ से हुसैनाबाद शहर की स्थिति नारकीय हो गई हैं। वहीं नगर पंचायत का मेन बाजार, स्टेशन रोड, रविदास नगर समेत अन्य कई जगहों पर सड़क गंदगी में तब्दील हो चुकी हैं। जिससे हुसैनाबाद का दृश्य एकदम से नारकीय हो गया हैं। इस बाबत हुसैनाबाद वार्ड तीन के पार्षद राजेंद्र पाल ने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत की स्थिति काफी खराब हो गई है। एक माह से नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत करने के बाद भी इस पर पहल नहीं किया गया है, जो नगर पंचायत की नकारा पन साफ झलक रही हैं। आज भी हुसैनाबाद में सड़क, नाली व सफाई की समस्याएं यथावत वैसी- की-वैसी ही हैं, बस विकास के नाम पर टेंडर हुआ है और उसमें कमीशन के नाम पर मोटी रकम की कमाई की गई है,सड़क व नाली की गुणवत्ता को देखने वाला कोई नहीं है। अभी वर्तमान में विभागीय अधिकारियों ने कार्य के नाम पर जनता को छलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि नगर पंचायत में कार्य नहीं हुआ है, पर उन्होंने सिर्फ वही कार्य हुआ है, जिनमें उनकी मोटी कमाई हो सकें। मोहल्लों वालों का कहना है कि उक्त सड़क की स्थिति से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को कई बार अवगत कराया गया है।परंतु इस दिशा में अबतक इसका निदान नहीं किया गया। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। उधर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि हमलोग के समय बरसात के पूर्व वृहद पैमाने पर नालियों की सफाई की जाती थी,व आवश्यकता अनुसार तत्काल कार्य किया जाता था, लेकिन अभी विभाग द्वारा कोई कार्य नहीं कराया गया है। जिसके कारण शहर की स्थिति खराब है।



## सावन में बारिश से किसानों की बढ़ी खेती की उम्मीदें



**हैदरनगर।** बरसात के मौसम में हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के किसान सहित भीषण गर्मी से झुलसते आमजन मई माह के अंत से ही बरखा गिरने की टकटकी लगाये बैठे थे। लंबी इंतजार के बुधवार को दोपहर करीब 40 मिनट तक तेज बारिश से गर्मी व उमस से लोगों को राहत दे दी है। बारिश के रुझान देखते ही किसानों में भी चहलकमी तेज हो गई है। वे अपने खेतों में बिहन से रोपाई की तैयारी को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। वर्तमान में काली अंधेरा बादल से सभी लोगों के आंखों को भगवान इंद्र ने सुकून जरुर दिया है। संपूर्ण क्षेत्र में एक साथ पहली बार बारिश से जन जीवन भी आवर्ती वर्षों की तरह प्रभावित हो गया है। किन्तु किसानों के चेहरे पर इस बारिश ने हंसी वापस लाई है। वहीं शहर व बाजार क्षेत्र में जाम पड़ी नालियों और इसकी सफाई नहीं होने से गंदा पानी का उफान सड़कों पर आने वाले दुर्गंध फैलने के साथ ही नाना प्रकार की बीमारियों को आमंत्रण देने लगा है। इस क्षेत्र में पंपसेट के माध्यम मात्र दस प्रतिशत ही धनरोपनी हो सका है। जबकि शेष भूभाग वर्षा और सिंचाई असुविधा से विरान ही पड़ी है।

## 10 वर्षों से गड्ढे में तब्दील सड़क पर आवागमन करते हैं सांसद, विधायक

**पाटन।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों का हाल बेहाल। बरसात के दिनों में लोगों को आना-जाना मुश्किल हो गया है। पाटन के राजहारा गांव से लेकर ब्रह्मुरिया गांव तक करीब 10 किलोमीटर की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गईं। डालटनगंज सड़क मुख्य पथ को जोड़ने वाली यह सड़क पर लोगों को वाहन से आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



ग्रामीणों ने इस संबंध सांसद विधायक को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन सब पल्ला झाड़ कर निकल जाते हैं। इस रोड मे मोटरसाइकिल, साइकिल भी चलना दुर्लभ हो गया है। गड्ढे में तब्दील सड़क से लोग दुर्घटना का भी शिकार हो जाते हैं। जिला मुख्यालय से इस क्षेत्र का दूरी मात्र 15 किलोमीटर पर है।

## न्यूज | बॉक्स

### राजकीय उतक्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बनी अनिता देवी



**हुसैनाबाद।** प्रखण्ड के अंतर्गत उतक्रमित मध्य विद्यालय एकडरी हुसैनाबाद में विदयालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन करने हेतु अभिभावकों एवं ग्रमीण की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान एंव पयेवेक्षक संकुल सांधन सेवी पथरा के अखिलेश सिंह ने की। संचालन निर्मल कुमार प्रधानाध्यापक ने किया। सभी को चुनाव के बारे में चर्चा की गई। सभी पोषक क्षेत्र के अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी, और संयोजिका ललिता देवी को चुना गया। विद्यालय के सभी शिक्षक पूनम,लक्ष्मी, श्रीराम सिहं,असलम, सुनिल सिंह आदि उपस्थित थे। नये अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय को विकास करने का प्रयास व इसे शिक्षा के क्षेत्र में इसे बेहतर बनायेंगे।

### नीलांबर- पीतांबरपुर थाना पुलिस ने आसेहार में चिपकाया इश्तिहार



**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार पंचायत निवासी सुनील यादव पिता प्रयाग यादव के घर में नीलांबर-पीतांबरपुर थाना के एसआई प्रदीप कुमार द्वारा ढोल बाजे के साथ इश्तिहार चिपकाया गया। एसआई प्रदीप कुमार द्वारा बताया गया कि सुनील यादव पिता प्रयाग यादव पर पुलिस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। कई बार नोटिस के बाद भी अभियुक्त सुनील यादव उपस्थित नहीं होकर फरार चल रहा है। जिसे लेकर नीलांबर पीतांबरपुर पुलिस द्वारा आसेहार में उसके घर के साथ-साथ विभिन्न जगहों पर इश्तिहार चिपकाया गया। साथ ही कहा गया कि आप सभी को यह मुजरिम मिलता है तो इसे प्रस्तुत होने के लिए प्रेरित करें।

### अयोध्याधाम जा रहा लातेहार का युवक ट्रेन से गिर कर घायल



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज-कोसियारा स्टेशन के मध्य स्थित बेगमपुरा गांव के पास अप लाइन में ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार घायल युवक की पहचान लातेहार जिले के कामता गांव निवासी जगदेव गंझू के 30 वर्षीय पुत्र संजय गंझु के रूप में हुई है। जेब में टोरी से अयोध्याधाम जाने का टिकट भी मिला है। संभवतः युवक मजदूरी करने वहां जा रहा था। सुबह टहलने गए ग्रामीण और रेल कर्मी ने युवक को घायलावस्था में तड़पते हुए देख तुरंत ही 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भिजवा दिया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

### प्रखंड प्रमुख ने डीडीसी को आवेदन देकर बीडीओ पर लगाया मनमानी का आरोप




**हुसैनाबाद।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने पलामू उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर बीडीओ द्वारा मनमानी करने की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।दिए आवेदन में कहा है कि हुसैनाबाद बीडीओ को आवेदन देकर मनरेगा के पंजीकृत भेंडर जिनका हुसैनाबाद क्षेत्र में कही दुकान नही है उक्त भेंडर के भुगतान पर रोक लगाने का लिखित शिकायत किया था ।इसके बावजूद भी मार्च 2024 में बीडीओ द्वारा उक्त भेंडर को 84 लाख की राशि का भुगतान किया गया। वहीं पंसस द्वारा किए गए विकास कार्यों का भुगतान बीडीओ द्वारा यह कहकर नहीं किया गया कि भेंडरो का जीएसटी बकाया है। जबकि अन्य मनरेगा योजना का भुगतान किया गया है। वही दूसरी ओर दिए गए आवेदन में अबुआ आवास योजना में भी लाभुक चयन में भारी अनियमत्ता बरतने काआरोप लगाया है, जो जांच का विषय है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उक्त मामलों को लेकर पूर्व में एसडीओ को भी ज्ञापन दिया गया है।प्रमुख ने दिये ज्ञापन में पलामू उप विकास आयुक्त से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि पलामू आयुक्त को भी दिया गया है। मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, बिगन प्रजापति, राजवंश यादव आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### सांप काटने से युवक की मौत

**पाटन।** थाना क्षेत्र के धनगाई गांव के मोती महरा के 45 वर्षीय पुत्र सागर महरा की सांप के काटने के कारण मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सागर महरा बिहार के भभुआ मोहनिया काम करने गया था। सोमवार की रात्रि में सोने के क्रम में मच्छरदानी में लिपटा जहरीला सांप ने उसे काट लिया। वहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों को जानकारी देते हुए ठेकेदार ने शव को गांव भेजा। परिजनों द्वारा उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच लाया गया।

### झोला छाप डॉक्टर गया जेल

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी विजय साव, पिता हरिहर साव को लेस्लीगंज थाना पुलिस ने गुरूवार को प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताते चलें कि अभियुक्त विजय साव झोलाछाप के डॉक्टरी के माध्यम से मरीजों को इलाज करता था। इसी क्रम में 2022 में एक महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया था। महिला को इंजेक्शन देने के साथ ही मौत हो गई थी। इसके बाद महिला के परिजनों ने तत्काल लेस्लीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया था। मामला दर्ज होने के बाद से अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर भागा फिर रहा था। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त अभियुक्त को पकड़ा गया एवं अग्रेतर कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा

**पाटन।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के लापरवाही से बिजली का संकट झेल रहे हैं ग्रामीण। दो दिनों से गहर पत्थरा ग्रिड से संपर्क टूट जाने से गांव अंधेरे में हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में रहना काफी कष्ट दायक पड़ रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अधिकांश बिजली पर ही निर्भर रहते हैं। गहर पत्थरा ग्रिड से करीब 15 गांव के लोग बिजली जलाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र मे पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर भी पठन पाठन का असर होता है। बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर कानूनी कार्रवाई कर बिजली की उगाही की जाती है। बरसात के दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की नसीब नहीं होती है। दो तीनों दिनों से क्षेत्र में बिजली गुल होने पर किसान को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोग मोबाइल चार्ज के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं।

## अजय वर्मा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी के चर्चित अजय वर्मा हत्याकांड के मुख्य आरोपी रंजीत कुमार उर्फ रंजीत सिहं उर्फ छोटु उम्र 25 वर्ष पिता शम्भुनाथ सिहं सा. एकडंगा, थाना बेलछी जिला पटना (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेजीत ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। पुलिस से पूछताछ के क्रम में बताया कि उसका अमृता देवी के साथ दो वर्षों से प्रेम चल रहा था। इस बात की जानकारी उसके पति को हो गई थी। अमृता का अजय वर्मा उसे ताना मारते हुए गाली-गलौज एवं मारपीट करता था। इसके बाद उसने अमृता के साथ मिलकर अजय को अपने रास्ते से हटा कर घर व खाली जमीन को 90 लाख में बेचकर पटना में ही साथ रहने की योजना बनायी। योजना के तहत मृतक अजय की चाकू से गला पर वार कर हत्या कर उसकी हत्या कर वह फरार हो गया। रंजीत की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू को लालू मैदान के पश्चिम दिशा के झाड़ी से बरामद कर लिया है।

## मोहम्मदगंज में 2 घंटे की बारिश से किसानों को राहत

- जलजमाव से स्कूली बच्चों और बैंक ग्राहकों को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बुधवार को मौसम की पहली करीब दो घंटे की बारिश से किसानों और गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। जबकि स्कूल और बैंक के पास जलजमाव से बच्चों और बैंक ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ी। किसानों ने कहा कि जिन लोगों ने नहर से और मैदानी इलाकों में वैकल्पिक संसाधन से सिंचाई कर धनरोपनी की है, उन्हें इसका फायदा होगा। वहीं पहले की बारिश में सीमित क्षेत्र में जिन खेतों में मक्का और अरहर की फसल लगाई गई थी, उन्हें भी लाभ मिलेगी। वैसे, नक्षत्र के हिसाब से अच्छी बारिश नहीं होने के कारण बड़े भाग में फसलों की बोवाई नहीं की गई हैं। स्कूल और बैंक के पास जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए लोगों ने निकासी के लिए नाला निर्माण की जरूरत बताया है।



## शांति अभियान की 58वीं वर्षगांठ पर गुरुपूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया

- प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मना गुरु पूजा उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का शांति अभियान की 58 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर गुरु पूजा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरगंज, तूरी, अररूआ खुर्द, निकटवर्ती महाराजगंज, संडा, सरईवार, बलूआड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर प्रेम रावत के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ उत्सव प्रारंभ हुआ। उनका ऑनलाइन शांति का संदेश का प्रसारण किया गया। भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण के साथ समारोह समाप्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में लोको पायलट उपेन्द्र चौधरी, सेवा सहायक कृष्णा गुप्ता, अमन गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु देवी, गुप्तेश्वर गुप्ता, शिक्षक सरोज चौधरी, नवीन पांडेय, अभय ठाकुर, सुमित्रा देवी, अशोक पासवान सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।



### जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## हुसैनाबाद को जिला व देवरी में पावर प्लांट लगाने की मांग

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा व सद्भावना कमेटी ने झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से मोर्चा ने हुसैनाबाद को जिला बनाने व बंद जपला सीमेंट फैक्ट्री की खाली पड़ी भूमि पर पावर प्लांट लगाने की मांग की है। मोर्चा के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने बताया कि हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग लगातार विभिन्न संगठनों द्वारा की जाती रही है। मोर्चा ने भी 2019 में विधानसभा चुनाव के पूर्व जेएमएम नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपा था। तब उन्होंने आश्वाशन दिया था की सरकार बनने के बाद विचार किया जायेगा। सरकार बनने के बाद भी कई बार मुख्यमंत्री के संज्ञान में दिया गया। मगर आज तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को आठ प्रखंडों को मिलाकर जिला बनाने की मांग है। क्योंकि हुसैनाबाद से मेदिनीनगर जिला मुख्यालय की दूरी 80 किलो मीटर दूर है। आम लोगों को छोटे से छोटा काम के लिए भी अधिक खर्च के साथ अधिक समय लगता है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद जिला बनने की सभी अहर्ता पूरी करता है। भव्य अनुमंडल कार्यालय, राजिष्ट्री कार्यालय, रेलवे स्टेशन, नगर पंचायत, राज्य व जिला तक आने जाने के लिए पक्की सड़क, अनुमंडलीय अस्पताल का भव्य भवन, जवाहर नवोदय विद्यालय के साथ साथ पुराना शहर है। उन्होंने मुख्यमंत्री से चुनाव के पूर्व हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने की मांग की है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले में मोर्चा के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, संजय कुमार,शम्मू हुसैन, जनक पासवान, सिब्तेन मिर्जा, इजहार अंसारी के अलावा कई शामिल हैं।

## डीडीयू रेल मंडल ने पहली बार चलाया 2 किमी लंबी मालगाड़ी

- तीन मालगाड़ियों को जोड़कर बनाया गया त्रिशूल
- अब तक 2 मालगाड़ियों को जोड़कर चलाया जाता रहा लौंग होल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) परिचालनिक दक्षता में वृद्धि को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में डीडीयू मंडल ने पहली बार एक साथ तीन मालगाड़ियों का संयोजन 'त्रिशूल' बनाकर परिचालित किया गया। तीनों मालगाड़ियों के डीडीयू यार्ड में परीक्षण के पश्चात गंजख्वाजा में जोड़कर बनाया गया 'त्रिशूल'। जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर से अधिक रही। संयोजन के पश्चात डब्ल्यूएजी 12 से परिचालित 'त्रिशूल' को गंजख्वाजा से सोमवार की रात लगभग 10 बजे धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। लगभग चार घंटे में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 200 किलोमीटर की यात्रा के बाद गढ़वा रोड में 'त्रिशूल' को आगे धनबाद मंडल को सौंप दिया गया। इस संबंध में जानकारी डीडीयू मंडल की प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। इसमें यह भी बताया गया है कि रेल परिचालन की दृष्टि से डीडीयू मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में से एक है। रेल परिचालन को गतिमान रखने के साथ धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन को लेकर परीक्षण कर लदान के लिए तैयार खाली मालगाड़ियां नियमित उपलब्ध कराने में डीडीयू मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ तीन मालगाड़ियों को जोड़कर बने 'त्रिशूल' का सफल परिचालन डीडीयू मंडल की परिचालनिक दक्षता का द्योतक है। जिससे माल लदान एवं परिवहन में तेजी लाने में मदद मिलेगी।



## ग्रामसभा में पशुधन विकास के 20 और अबुआ आवास योजना के 75 लाभुकों का चयन : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्रामसभा में मुख्यमंत्री पशुधन विकास और अबुआ आवास योजना के लाभुकों का चयन किया गया। इसमें पशुधन विकास योजना से बकरी, गाय,भैंस, कुक्कुट और सुकर पालन के लिए 20 ग्रामीणों ने आवेदन जमा कराया है। जबकि अबुआ आवास योजना के लिए पंचायत के निर्धारित लक्ष्य के तहत कोटिवार 75 लाभुकों को चयनित किया गया है। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी ने की। संचालन पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल ने किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी के आदेश के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों के चयन के लिए बुलाई गई ग्रामसभा में प्राप्त आवेदनों को प्रखंड कार्यालय में समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा में अबूआ आवास योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी की गई। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत इस योजना के लिए पंचायत और कोटिवार निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध लाभुकों के चयन पर आम सहमति जताई गई। ग्रामसभा में मुखिया के अलावा पंसस अनीता देवी, वार्ड सदस्य सज्जन कुमार, मोतीचंद साव, धर्मेंद्र सिंह और समाजसेवी प्रमोद राज सहित अन्य कई लोग शामिल थे।



# मांगों के समर्थन में 10वें दिन भी हड़ताल पर रहे मनरेगा कर्मी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनरेगा कर्मी लगातार 10 वें दिन भी सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे रहे। समाहरणालय के समक्ष धरन पर बैठे मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकारी जिला अध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि विभाग षड्यंत्र के तहत मनरेगा कर्मियों के साथ छल करने की तैयारी में है। ऐसी सूचना मिल रही है कि मानदेय में आंशिक बढ़ोतरी कर सरकार मामला को निपटाना चाहती है, लेकिन सेवा स्थायीकरण और वेतनमान के अलावा छोटी मांगों के पूरा करने से हड़ताल समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत ब्रिटिश पैटर्न पर सरकार चला रहे हैं। संविधान में निहित समता और समानता के अधिकार का खुलेआम धज्जी उड़ाया जा रहा है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन की अनदेखी कर मनरेगा कर्मियों को बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकार को मनरेगा कर्मियों के साथ संवेदना रखनी चाहिए। साथ ही सभी मांगें जो बिलकुल उचित हैं तथा नैतिकता के आधार पर सरकार को इन्हें पूरा करना चाहिए। मौके पर रामाकांत तिवारी, अख्तर हुसैन, स्वीटी सिन्हा, मनोज चौबे, विकास पांडेय, अजय मेहता, दिलीप पांडेय, इकबाल हुसैन, परमानन्द मिश्रा, प्रेमसागर सिंह, अभय सिंह, ओमप्रकाश मेहरा, अनुज चन्द्र, राहुल सोनी सहित सैकड़ों मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# बारिश से किसानों के चेहरे खिले, खेती की आस जगी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर समेत सदर क्षेत्र में इस बरसात के मौसम में पहली बार मूसलाधार बारिश हुई। बताते चलें की पलामू जिला लगातार तीसरे वर्ष सूखे की कगार पर है। मूसलाधार बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इसके बाद किसान धान के बिछड़े को बो पाएंगे। किसानों को वर्षा न होने के कारण बिचड़े को ट्यूबवेल और मोटर पंप के सहारे बोना पड़ा था। इस वर्ष भी किसान बारिश नहीं होने के कारण काफी मायूस थे। बारिश होने के बाद किसान अपने खेतों में मेड़ बांधते और बिचड़े बोने की तैयारी करते दिखाई दिए। लगातार सुबह से रुक रुक कर हो रही बारिश की वजह से शहर के तालाब नदी में पानी भर आया। सदर प्रखंड के जमूने निवासी किसान गणेश मेहता ने बताया कि तीन वर्षों के बाद मैला नदी का जलस्तर इतना बढ़ा है। उन्हें इस वर्ष अच्छी बारिश की उम्मीद नहीं थी लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और मोटर पंप की सहायता से बिचड़े बो दिए। कल हुई बारिश में उनकी आस जगा दी और अब वह आसानी से धान की खेती कर पाएंगे। अगर इसी प्रकार तीन-चार दिनों तक बारिश होती रही तो फिर पानी की कमी नहीं होगी।

## मूसलाधार बारिश में जल जमाव



सुबह से हो रही लगातार बारिश से मेदिनीनगर शहर के गोसिया, मदरसा, झोपड़पट्टी, राहत नगर, नूरी मस्जिद रोड, कुंड मोहल्ला, पहाड़ी मोहल्ला इलाकों में बारिश का पानी घरों में घुस गया। सड़कों पर जलजमाव की वजह से लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। शहर का कचहरी इलाका,रेड़मा,आबादगंज,दो नंबर टाउन में भी कई जगह नाली जाम होने के कारण सड़क पर पानी फैल गया और आने जाने में भी लोगों को परेशानी हुई।

# न्यूज बॉक्स

## मानसून सत्र के दौरान सीएम से मुलाकात उज्ज्वल भविष्य का संकेत : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा का पंचम सत्र चल रहा है। सूबे की समस्या पर बहस तेज है। बह के बाद राज्यवासियों का भाग्य तय होगा। धरना प्रदर्शन से लेकर मिलने का दौर जारी है। इस कड़ी में माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन, झगरू पंडित की प्रतिमा का अनावरण, कुम्हारों पर हो रहे दमन व जन समस्याओं को लेकर माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव मानसून सत्र में अठारह जिलों से आए प्रजापति समाज के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड विधानसभा के अंदर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित किया। इसके बाद जन समस्याओं को उनके समक्ष रखा। यहां तक सबों को पहुंचाने का मंगल कार्य झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। राज्यभर से आए प्रतिनिधि, जो विधानसभा में पहली बार प्रवेश किए थे, यहां की रौनक से अभिभूत थे एवं अपने नेता के प्रति कृतज्ञता जता रहे थे। आए लोगों ने मुखर होकर कहा कि आगामी चुनाव में भी हेमंत सोरेन हिम्मत के साथ विरोधियों को धूल चटाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द की प्रजापति समाज को सरकार की ओर से एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। बस चंद दिनों की बात है। अविनाश देव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून सत्र में सीएम से मुलाकात प्रजापति समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। इस मौके पर बोद्यनाथ महतो, महादेव महतो, राजेश कुमार महतो, परमेंद्र प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, संजय प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, विजय कुमार प्रजापति, जनकधारी प्रजापति, कमला देवी, सोनी देवी, कुलदीप प्रजापति, बालगोविंद प्रजापति, सरिता कुमारी, शिवम प्रजापति, नितेश पंडित, दिलीप पंडित, बादल कुम्हार, निरंजन मंडल, महेंद्र राम प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुजीत प्रजापति, यशोदा देवी, दिनेश प्रजापति, ललन प्रजापति समेत अन्य कई प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थे।

## किसानों को दी गई नई तकनीक की जानकारी

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने स्कूल रूआर-2024 के तहत पोस्टर, बैनर व झंडे के साथ जागरूकता रैली निकाली। इसके माध्यम से बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में बच्चों ने गांव भ्रमण कर रोज स्कूल जाने व भेजने के नारे लगाए। जागरूकता रैली से लौटकर बच्चों व शिक्षकों ने विद्यालय में नो बैग-डे गतिविधि में भाग लिया। पूर्व सूचना अनुसार बच्चे बिना किताब-कापी के विद्यालय आए थे। बच्चों ने किचेन गार्डेन, बागवानी एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चे स्वभावतः कुछ अलग करने में आनंदित होते हैं। सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने से उन्हें समाज से जुड़ने, एक साथ मिलकर काम करने तथा एक दूसरे का सम्मान करने की सीख मिलती है।

## सब्जी विक्रेता की पत्नी ने की खुदकुशी

**हुसैनाबाद।** शहर के झाझा गोदाम मोहल्ला निवासी मो. राजा ऊर्फ मिराज राईन की 23 वषीर्या पत्नी रुखसाना बानो ने तनाव में आकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार की दोपहर दो बजे की हैं। रुखसाना बानो कई दिनों से तनाव में थी, उसका पति हुसैनाबाद शहर में सब्जी बेचने का काम करता है, दोपहर जब वह घर खाना खाने गया तो पत्नी का शव रस्सी के फंदे में लटका मिला। स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को फंदे से उतारकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्रारंभिक जांच के बाद मृत बताया। पुलिस को सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दी। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया की परिजनों के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने मंगलवार को राज्य सरकार से पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने की मांग की है। प्रयाप्त बारिश नहीं होने से किसान सुखाड़ की मार झेलने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई समाप्त होने को है और किसान बारिश की बाट जोह रहे हैं। आद्रा नक्षत्र में भी कम बारिश हुई जिसके कारण भदई फसल समय से नहीं लगा। देर से कुछ बारिश हुई तो किसान मक्का, अरहर, बादाम, तिल की बुआई हुई और किसी तरह धान का बिचड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि पलामू और गढ़वा जिला में लगातार तीन वर्षो से किसान सुखाड़ की मार झेल रहे हैं।

## शिक्षकों की समस्याओं से सीएम को अवगत कराया



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने शिक्षक समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। कर्मचारियों के ओल्ड पेंशन, विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने पर धन्यवाद दिया। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श विद्यालय और प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों कार्यरत शिक्षकों को आवेदन की अनिवार्यता ठीक नहीं है। इसको लेकर शिक्षक बहुत ही परेशान है। अनेक विद्यालय ऐसे हैं जहां आधारभूत संरचना की नितांत आवश्यकता है। मौके पर झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के अतिरिक्त प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अच्छेलाल प्रजापति, माध्यमिक विद्यालय मे कार्यरत शिक्षक संतोष कुमार, प्रदीप नारायण मध्य विद्यालय के शिक्षक त्रिपुरारी प्रजापति आदि शिक्षक भी मुलाकात के दौरान उपस्थित रहे।

# एक नजर

## स्वास्थ्य विभाग व निजी हॉस्पीटलों के बीच फ्रेंडली मैच 15 को

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह के साथ भेंट कर बुके देकर सम्मानित किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 15 अगस्त को स्वास्थ विभाग पलामू व प्राइवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन के साथ एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन पुलिस लाइन मे किया जाएगा। साथ ही उस दिन आशी केयर हॉस्पीटल पांकी रोड, रेड़मा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर में एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा कोई भी रक्तदान कर सकता हैं।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना: 10 लाभुकों को 1 करोड़ 27 लाख का मिला लोन

## 4 को स्कॉर्पियो, एक-एक को बोलेरो, ट्रैक्टर मिला

■ जिले के उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिले के उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान लाभुकों को दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न वाहन के चाबी भी सौंपे। कार्यक्रम में 10 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित 1,27,06,556 राशि का ऋण उपलब्ध कराया गया। इनमें तरहसी के राहुल कुमार को 1300915 रुपए का बोलेरो, तरहसी के ही नेहा कुमारी को 1255703 रुपए का बोलेरो प्रदान किया गया। इसी तरह विकास कुमार सोनी को 13 लाख का सोनालिका का ट्रैक्टर दिया गया। आशीष कुमार, गोविंद कुमार मेहता,अजय कुमार व रणजीत सिंह को स्कोर्पिओ का चाबी दिया गया। सतबरवा के संजय कुमार सिंह को टेंट हाउस का रोजगार करने के लिये 10 लाख का ऋण दिया गया। हरिहरगंज के कन्हाई ठाकुर को हार्डवेयर के व्यापार के लिये 15 लाख का ऋण दिया गया। हैदरनगर के अविनाश कुमार को जेनेरल स्टोर का रोजगार करने के लिए 50 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया।

# एमबीए सेमेस्टर टू व फोर का परीक्षा तिथि जल्द घोषित करें विवि: एनएसयूआई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में नीलांबर-पीतांबर के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक को ज्ञापन सौंप कर एमबीए सेमेस्टर टू एवं सेमेस्टर फोर का परीक्षा तिथि जारी करने की मांग की। विश्वविद्यालय प्रशासन एक महीना पूर्व ही परीक्षा फॉर्म छात्रों से जमा करा लिया है, लेकिन विभाग के उदासीन रवैया के कारण एक महीने के बाद भी परीक्षा तिथि जारी नहीं की गई है सत्र अधिक विलंब होने के कारण छात्रों में काफी रोष व्याप्त है जल्द परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की जाती है तो एनएसयूआई पलामू छात्रहित में परीक्षा विभाग का घेराव करेगी।

## रानीदेवा में ठनका से वृद्ध किसान की मौत

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पंसा पंचायत अंतर्गत रानीदेवा गांव में बुधवार को वज्रपात से वासुदेव सिंह ( 70 ) नामक किसान की मौत हो गई है। इसमें गम्भीर रूप से घायल होने पर उन्हें निजी वाहन से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार वासुदेव सिंह खेत में मौजूद थे। इसी दौरान बारिश शुरू होने के बाद वह अपने घर की ओर लौट रहे थे। तभी वज्रपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एमएमसीएच में 40 मिनट बिजली गुल रही



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में अस्पताल में लगभग 40 मिनट तक बिजली गुल रही, लेकिन इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। अस्पताल से आए दिन आधे घंटे तक बिजली कटने की सूचना मिल रही है। मेदनीराय मेडिकल कॉलेज में अस्पताल पलामू प्रमंडल के सभी गंभीर मरीज यही अपना इलाज कराने आते हैं, जिसमें से कई मरीजों को भार्ती भी किया जाता है। दुर्घटना मारपीट सर्पदंश से जुड़े कई मरीज यहां बिजली के बिना तड़पते रहे। बिजली के बिना बिल निकालने से लेकर रक्तदान करने का काम भी काफी देर तक स्थगित रहा। पूर्व में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बिजली गुल हो जाने के बाद बैकअप की सुविधा न होने की खबरें आती रहती हैं, परंतु जिले के सर्वोच्च अस्पताल से इस प्रकार की खबर आना दुर्भाग्यपूर्ण है। अस्पताल में जिले के कई बच्चों का प्रतिदिन जन्म होता है। प्रसूति महिलाओं को बिजली गुल होने के कारण खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## डालटगंज विधानसभा का संवाद कार्यक्रम

# भाजपा की पकड़ कमजोर हुई है : बिट्टू पाठक




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में डालटनगंज विधानसभा का प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। संवाद कार्यक्रम में 6 विषयों पर विस्तार पूर्वक मंथन किया गया। इसके बाद सर्वसम्मति से 6 विषयों पर प्रस्ताव पास किया गया। उसके तहत झारखंड विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्रा का शुभारंभ करने के लिए लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का आगमन की तैयारी। विधानसभा चुनाव में विधानसभा के बूथ मैनेजमेंट पर चर्चा। झारखंड के महागठबंधन की सरकार की उपलब्धियां को और सरकारी योजनाओं के लाभों को जनता को पहुंचाने पर चर्चा। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता को बताना। आगामी विधानसभा चुनाव में जीतने वाला उम्मीदवार चुनाव ही लड़ेंगे और नए लोगों को मौका मिलने के साथ जिला के सभी भाजपा के विधायकों की नाकामियों पर चर्चा एवं हल्ला बोल कार्यक्रम शुरू करना शामिल है। मौके पर बिट्टू पाठक ने किया दावा किया है कि डालटनगंज विधानसभा सीट पर होगी कांग्रेस की शानदार जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जमीनी पकड़ पूरी तरह ढ़ीली हो चूकी है। वास्तविकता को अब भाजपा के विधायक भी समझने लगे है। इसलिए अब खुल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर के विरोध में बोलने लगे है। भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने इसकी शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि विधायक आलोक चौरसिया खुद कह रहे उन्हें बड़े पोस्टर और बैनर से कोई लेना देना नही है, जबकि यह सभी जान रहे है कि प्रचार में भाजपा माहिर है। विधायक को इस सत्य का ज्ञान हो गया है कि अब मोदी थक चूके है। मोदी के झूठ फरेब की राजनीति से जनता उब चूकी है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में जीतने वाले मौके पर प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, विजयकांत चौबे, विनोद कुमार तिवारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, धनंजय तिवारी, पूर्णिमा पांडेय, रामाशीष पांडेय, शमीम अहमद राइन, गिरजा राम, शंकर पांडेय, जितेंद्र कमलापुरी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, विद्या सिंह, सत्येंद्र सिंह, मसूर अहमद, अवध बिहारी सिंह, विनोद पाठक, छोटू पाठक, डालटनगंज विधानसभा के सैकड़ों में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीसीडीसी बने डॉ. झा



मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. केसी झा को सीसीडीसी का अतिरिक्त प्रभार मिला है। डॉ. झा एके पाण्डेय से यह प्रभार ग्रहण किया। डॉ. झा देर शाम प्रभार ग्रहण करने के पश्चात् बताया कि छात्रों का हित को ध्यान में रखकर वे काम करेंगे। छात्रों को परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखकर हर गतिविधि को संचालित किया जायेगा।

## जन समस्या

## आलोक ने विधानसभा में उठाया चैनपुर थाना सड़क निर्माण की मांग

# विकास से वंचित रखने की सरकार की मंशा साफ : आलोक चौरसिया

☐ प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद सरकार ने सड़क निर्माण कार्य को शुरू कराने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही हैं



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधायक आलोक चौरसिया ने बुधवार को विधानसभा में एक बार फिर चैनपुर थाना रोड के निर्माण की मांग उठाई, लेकिन सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर से अनसुनी की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद सरकार ने सड़क निर्माण कार्य को शुरू कराने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह बार-बार की गई मांगों और पूछताछ के बावजूद चैनपुर थाना रोड व अन्य महत्वपूर्ण पथ निर्माण परियोजनाओं पर ध्यान नहीं दे रही है। पथ निर्माण विभाग के मंत्री ने भी विधानसभा में केवल टालमटोल जवाब दिया। इससे साफ है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। विधायक ने सरकार की इस अनदेखी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि अगर जल्द ही रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तो वह और उनके समर्थक मजबूती से विरोध करेंगे। उन्होंने सरकार के रवैये पर निराशा व्यक्त की और जनता की समस्याओं को हल करने की मांग की है। विधायक ने मेदिनीनगर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान के लिए रेड़मा, पांकी रोड, बैरिया, छहमुहान, सद्दीक मंज़िल चौक पर ओवर ब्रिज निर्माण की भी मांग की है। सरकार ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि वे रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इससे सड़क निर्माण की अनदेखी और भी स्पष्ट हो रही है।

### समस्या का समाधान नहीं, आंदोलन की चेतावनी

विधायक ने स्पष्ट किया कि सरकार की इस अनदेखी से लोगों की समस्याएं बढ़ रही हैं और वे इस अन्याय के खिलाफ आंदोलन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपील की, जिससे लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं मिल सकें।

# विकास की पोल खुल चुकी है: सन्नू सिद्धकी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** बारिश होते ही निगम के विकास की पोल खुल गई है। लगभग सभी मोहल्लों में जगह नालियों का पानी घरों में घुस रहा है और सड़कों पर फैल चुका है, जिससे लोगों को कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गंदे पानी के संपर्क में आने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ा है। झामुमो पलामू के सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा कि पूर्व मेयर के विकास की पोल जनता के सामने खुल चुकी है। पिछले कुछ वर्षों से बारिश नहीं हो रही थी तो इन लोगों ने ध्यान ही नहीं दिया। अब जब बारिश हुई तो नालियों का पानी आम जनमानस के घर में घुसने लगा है। पूर्व मेयर निगम में चाइनीज लाइट लगाने को ही विकास समझती हैं। गलत तरीके से बना डिवाइडर के वजह से एक्सीडेंट लगातार हो ही रहे हैं। नालियों के गंदे पानी के वजह बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। सड़कों पर चलना मुश्किल हो चुका है। उन्होंने कहा कि कहा निगम में सही तरीके से कार्य नहीं हुआ है। सिर्फ ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए चाइनीज विकास हुआ है, जो दो साल भी नहीं चल पाया। विधायक बनने का सपना देखना अच्छा है परंतु जनता पूर्व मेयर के विकास का हाल देख चुकी है। झामुमो निगम से मांग करती है कि सभी नालियों को जल्द से जल्द साफ कर दुरुस्त किया जाए। साथ ही जहां भी नालियां नहीं हैं वहां निर्माण कराया जाए।

# बच्चों को सरस्वती वंदना करने से रोकने पर शिक्षकों में नोंक-झोंक






**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर ।** प्रखंड के मकरी पंचायत के धंगरडीहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक शेख तौहीद द्वारा बुधवार के सुबह विद्यालय में प्रार्थना के दौरान बच्चो को सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा साउंड सिस्टम तोड़े जाने से मामला सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान शेख तौहीद के साथ विद्यालय के अन्य शिक्षकों में काफी नोंक झोंक भी हुआ। विद्यालय में सरस्वती वंदना रोक जाने की सूचना पर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर उक्त शिक्षक के प्रति आक्रोश जताया तथा समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उक्त शिक्षक को अविलंब बर्खास्त करने की मांग करने लगे। उधर, किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे तथा उक्त शिक्षक को हिरासत में लेकर थाना लाया। जहां पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार यादव और बजरंग दल के द्वारा उक्त शिक्षक पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कारवाई के लिए आवेदन दिया गया। जिसपर थाना प्रभारी ने आवेदन के आलोक में वरीय पदाधिकारी को पत्राचार करने की बात कही।

### क्या है, मामला

जानकारी के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय धंगरडीहा में बुधवार के सुबह प्रार्थना के बाद बच्चे सरस्वती वंदना कर रहे थे, तभी विद्यालय के ही सहायक शिक्षक शेख तौहीद बच्चो से कहा कि मेरे रहते इस विद्यालय में सरस्वती वंदना तो क्या कोई भी हिंदू देवी देवताओं का पूजा पाठ नही होगा, जब बच्चे नहीं माने तो उक्त शिक्षक ने सरकारी साउंड सिस्टम को पटक दिया। यह देख विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक निशीथ यादव ने उन्हें ये सब करने से रोकना चाहा तो शिक्षक शेख तौहीद उनसे धक्का मुक्की करते हुए अल्ला हू अकबर, नारे तकबीर जैसे धार्मिक उद्घोष करने लगे। मामले को बढ़ता देख विद्यालय के एचएम द्वारा इसकी सूचना बीईईओ तथा स्थानीय थाने को दी।

### सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

मालूम हो कि बीते 2017 में पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों का जश्न मनाने का आरोप शिक्षक शेख तौहीद के उपर लगा था, उस समय उक्त शिक्षक द्वारा शहीद जवानों को लेकर आपत्तिजनक शब्द बोलते हुए विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाईयां भी बांटी थी। मामला तूल पकड़ने पर काफी हो हंगामा होने के बाद भी उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई विभागीय कार्रवाई नही किया गया था, साथ ही विद्यालय में प्रायः छात्र छात्राओं को प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना करने से रोकने तथा विद्यालय में सरस्वती पूजा का विरोध करते रहे है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमकुमार यादव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छवि कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशीला देवी ने शिक्षक शेख तौहीद पर विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई मर्तबा विद्यालय में इनके द्वारा ऐसे कार्य किया गया,जिसमें प्रशासनिक तथा समाजिक पंचायत के तहत मामला शांत कराया गया, लेकिन शिक्षक अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहें हैं।

### घटना की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई नारायण यादव पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे

## एक नजर

### दो मोटर साइकिल की टक्कर में एक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी लखन बिंद 50 वर्ष की मोटरसाइकिल की धक्के से घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि लखन बिंद अपने मोटरसाइकिल से चिरौंजिया मोड़ से सब्जी बेचकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस बीच अपने घर से कुछ ही पहले सामने से आ रही है। एक मोटरसाइकिल ने उसे धक्का मार दिया। जिससे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

### सांप के काटने से जख्मी

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के सुखवाना गांव निवासी दामोदर प्रसाद का पुत्र विनोद कुमार 35 वर्ष सांप को काटने से जख्मी हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि विनोद अपने घर में कुछ काम कर रहा था। उसी बीच विनोद को सांप ने दंश लिया। घटना के बाद उसे इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### वज्रपात के कारण चरवाहे की मौत

**डंडई।** गरज तड़के के साथ बुधवार को थाना क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के दौरान एक बकरी चरवाहा के ऊपर बज्रपात की घटना घट गई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई । मृतक का नाम छठु चौधरी ग्राम जरही, उम्र 50 वर्ष बताया जाता है।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित करते हुये नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है इस योजना के तहत 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष की महिलाओं को झारखंड सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपये प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी। निर्धारित तिथि के अनुसार कुंबा खुर्द व बिलासपुर पंचायत सचिवालय में तीन अगस्त को, हलीवन्ता कला व पिपरडीह पंचायत सचिवालय में 4 अगस्त को, चितविश्राम एवं नरही पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, कुशदण्ड एवं हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, गरबाँध एवं भोजपुर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, कधवन एवं कोलझिकि पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को शिविर लगाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं से फॉर्म जमा कराया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन के लिये कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञानचंद केशरी, बिलासपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, हलीवन्ता पंचायत सचिवालय में जन सेवक विकास कुमार, पिपरडीह पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविंद्र मिंज, चितविश्राम पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी,नरही पंचायत भवन में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कुशदण्ड पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज,गरबाँध पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी, भोजपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कधवन पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, कोलझिकि पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है।



साबुन, डिटेर्जेन्ट पाउडर व फिनाइल प्रशिक्षण का समापन

# उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिया गया ट्रेनिंगः निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 13 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान साबुन, डिटेर्जेन्ट पाउडर व फिनाइल प्रशिक्षण का समापन मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल,फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया गया। इस मौके पर संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा की आरसेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लोगो को प्रशिक्षित किया गया ताकि लोग स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़े और इस उद्योग के प्रति आकर्षित करें। आप सभी लोग प्रशिक्षण लेकर डिटेर्जेन्ट पाउडर, साबुन व फिनाइल बनाने में आपलोग दक्ष हो गए है।अब स्वरोजगार कर आप आर्थिक रूप से मजबूत बने। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच वाशिंग पाउडर, साबुन व फिनाइल के उपयोग को बढ़ावा मिले। मिथलेश कुमार सिंह कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद हो चुके है। पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है।



# प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर के लिये अलग अलग तिथि निर्धारित करते हुये नोडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है इस योजना के तहत 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष की महिलाओं को झारखंड सरकार रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपये प्रतिमाह बैंक खाते में डालेगी।निर्धारित तिथि के अनुसार कुंबा खुर्द व बिलासपुर पंचायत सचिवालय में तीन अगस्त को, हलीवन्ता कला व पिपरडीह पंचायत सचिवालय में 4 अगस्त को, चितविश्राम एवं नरही पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त को, कुशदण्ड एवं हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त को, गरबाँध एवं भोजपुर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त को, कधवन एवं कोलझिकि पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त को शिविर लगाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं से फॉर्म जमा कराया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन के लिये कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञानचंद केशरी, बिलासपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, हलीवन्ता पंचायत सचिवालय में जन सेवक विकास कुमार,पिपरडीह पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविंद्र मिंज,चितविश्राम पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी,नरही पंचायत भवन में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार,कुशदण्ड पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार,हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज,गरबाँध पंचायत सचिवालय में जनसेवक ज्ञान केशरी, भोजपुर पंचायत सचिवालय में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, कधवन पंचायत सचिवालय में जनसेवक विकास कुमार, कोलझिकि पंचायत सचिवालय में कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है।

# मेदिनीनगर की पूर्व मेयर ने किया गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**


**भंडरिया ।** डाल्टनगंज की मेयर सह भाजपा नेत्री अरूणा शंकर ने भंडरिया प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा । भाजपा नेत्री ने जिन गांवों का दौरा किया उनमें सरईडीह,पीपरा खजुरी,कंजीया, नौका, भंडरिया मदगड़ी, क बघवार के नाम शामिल हैं। एक दिवसीय दौरे के क्रम में उन्होंने लोगों से जनसंपर्क किया व उनका कुशलक्षेम जानते हुए भाजपा कार्यकताओं के द्वारा अथक प्रयास कर विगत लोकसभा चुनाव में भारी मतों से सांसद बनाने का कार्य किया है जिसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। प्रखंड के बघवार गांव में आदिवासी समुदाय के द्वारा आयोजित हो रहे अच्छी बारिश होने को लेकर प्रकृति की पूजा में भी शामिल हुईं। तथा वहां उपस्थित बैगा, पाहन को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के पूजा में वे पहली बार शामिल हुई हैं। इसकी एक अलग ही अनुभुती हमें मिली। इधर भंडरिया दौरे के क्रम में उन्होंने डोर टू डोर भाजपा कार्यकताओं से मिलते हुए बुथ अध्यक्ष, संयोजक समेत भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरे के क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा के सिर्श नेताओं का विश्वास व आप सभी का आशीर्वाद रहा तो आनेवाले विधानसभा चुनाव में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आप सभी के बीच में उपस्थित रहूंगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा , नौका बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह दिलीप तमोली बीजका बूथ संयोजक कोमल सिंह, मुखदेवन प्रजापति, इंद्रदेव सिंह, राकेश सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।



## सेवनिवृत शिक्षक को भावपूर्ण विदाई

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दनी के प्रांगण में बुधवार को शिक्षक मोतीचंद जायसवाल को सेवनिवृत होने के उपरांत भावपूर्ण विदाई दी गई। शिक्षक मोतीचंद जायसवाल 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर खरौंधी प्रखंड के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। विदाई समारोह में सेवनिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीचंद जायसवाल का व्यवहार उत्तम रहा है।

# सत्संग सह भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केन्द्र में सत्संग सह भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सत्संगी गीता देवी ने श्री श्री बडमा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि श्रीश्री बडमा का जीवन सादगी और सुसंस्कृति वाला था उनके जीवन से हम सबों को प्रेरणा मिलती है कि प्रत्येक परिवार के सुख व शांति का आधार नारी ही होती है। अनिता देवी ने कहा कि वे लक्ष्मी की अवतार थीं। उन्होंने कहा कि श्री श्री बडमा जी का जन्म श्रावण माह में हुआ था,इसीलिए प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में प्रत्येक दिन मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जाता है सत्संग के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया सत्संग में ब्रजेश तिवारी, धृतिदीप्त, अखिलेश प्रसाद, शक्तिदास सिन्हा, राजकुमार, गोविन्द दा, अजय दा, संजय दा, ऋतुराज, पप्पू जायसवाल, श्रीकांत, रामा देवी, पूजा देवी, हेमवंती मिश्रा, बबिता सिंहभोला प्रसाद, रिशु कुमार,आदित्य कुमार सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## गरीबी का दंश झेल रहे पीडीएस लाभुक

# लाभुकों के बीच वितरण नहीं हुआ जुलाई माह का खाद्यान्न

**खाद्यान्न के भरोसे रह रहे लाभुकों का अब क्या होगा?**



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** गरीबी का दंश झेल रहे पीडीएस लाभुकों के साथ बड़ा खेल होने का मामला प्रकाश में आया है। उनके बीच वितरण होने वाला खाद्यान्न माह के अंतिम तिथि तक वितरण नहीं हो सका। खाद्यान्न के भरोसे रह रहे लाभुकों का अब क्या होगा जो प्रत्येक दिन खाद्यान्न को लेकर जन वितरण की दुकान का चक्कर लगाते नहीं थक हार रहे थे। मामला प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के लाभुकों से जुड़ा है। उक्त लाभुकों के बीच प्रत्येक माह 125 क्विंटल खाद्यान्न का वितरण होता था। उसके अलावा उन्हें 1 किलो चना का दाल भी अलग से मिल रहा था। लेकिन उक्त सभी तरह के सामग्रियों से उन्हें हाथ धोना पड़ गया। माह जुलाई के अंतिम तिथि तक उन सामग्रियों में उन्हें किसी भी तरह की सामग्री नहीं मिल पाया। जानकारी के अनुसार डंडई गांव के उक्त लाभुकों को बेला झगड़ा गांव के जनवितरण दुकानदार महाजुद्दीन अंसारी के दुकान से खाद्यान्न मिल रहा था। लेकिन अस्वस्थ होने का कारण बता दुकानदार के द्वारा माह जुलाई का आवंटन नहीं उठाने को लेकर जिला आपूर्ति कार्यालय में लिखित आवेदन दे दिया गया था। जिस कारण उनके द्वारा उक्त माह का खाद्यान्न नहीं उठाव किया जा रहा था । वही माह के अंतिम दिन बुधवार को गोदाम प्रबंधन से मामले को लेकर पूछताछ की गई तो उनके द्वारा दुकानदार महाजुद्दीन के द्वारा ही जुलाई माह का खाद्यान्न उठाव करने की बात बताई गई। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई मंगलवार को डंडई गांव के आवंटन को उनके द्वारा उठाव कर लिया गया है। उधर दुकानदार महाजुद्दीन ने बताया कि मैं बीमारी से ग्रसित था जिस कारण अस्वस्थ का कारण दिखाकर माह जुलाई का डंडई गांव के आवंटन नहीं उठाने को लेकर डीएसओ कार्यालय में लिखित आवेदन दे दिया था । लेकिन माह के अंत समय में दो दिन शेष बचा तो मेरे ऊपर खाद्यान्न उठाओ को लेकर पदाधिकारियों के द्वारा काफी दबाव दिया जाने लगा । जिस कारण 30 जुलाई को मजबूरन मुझे डंडई गांव के आवंटन का उठाव करना पड़ा।

## न्यूज बॉक्स

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**धुरकी।** पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने एवं भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि धुरकी निवासी एक नाबालिक के पिता रविंद्र भुइयां,उर्फ.मनी भुइयां के लिखित आवेदन के आधार पर शाहिद मंसूरी उर्फ लल्लू मंसूरी, ग्राम अजीत महल,थाना अजीत महल, जिला अवरईया उत्तर प्रदेश के विरुद्ध नाबालिक 14 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में दर्ज कराया गया था । जिसके बाद एक टीम का गठन कर आरोपी को नगर उटारी से गिरफ्तार कर नाबालिक को बरामद किया गया है। नाबालिक को आवश्यक कारवाई पश्चात उनके माता पिता को सौंप दिया गया है तथा आरोपी को जेल भेज दिया गया विदित हो कि आरोपी युवक धुरकी में रहकर मिस्त्री का काम करता था।

### चिकित्सा पदाधिकारी ने कार्रवाई के लिए किया सीएस के के पास पत्राचार

**डंडई।** नवजात शिशु की मौत मामले में टीकाकरण कार्य से इनकार करने वाली एएनएम किरण कुमारी ने अपनी गलती कबूल कर लिया है। एएनएम ने अपने विभागीय पदाधिकारी को लिखित रूप में इसकी जानकारी देने का काम किया है। वही मामले की गलतीनामा काबुल करने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा अग्रेतर कार्रवाई को लेकर सिविल सर्जन गढ़वा के पास पत्राचार कर दिया गया है।

### सर्प दंश से जख्मी

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के महूपी गांव निवासी शिवनाथ राम का पुत्र संतोष कुमार राम 36 बर्ष सांप के काटने से जख्मी हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की वह अपने खेत में कुछ काम कर रहा था। उसी बीच संतोष कुमार को सांप ने दंश लिया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के झोतर गांव निवासी स्व बच्चन यादव का पुत्र अखिलेश यादव 45 वर्ष की मौत ब्रजपात की चपेट में आने से हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि अखिलेश यादव देर शाम होने के बाद अपने मवेशी को बांधने घर के पास ही झोपड़ी में जा रहा था। इस दौरान ब्रजपत की घटना हो गई। जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा चिकित्सको से उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना है।

### वज्रपात की चपेट में आने से स्कूली छात्र घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के डुमरो गांव निवासी प्रभु मेहता की पुत्री प्रीती कुमारी व अमित मेहता की पत्नी प्रीति देवी 28 वर्ष ब्रजपात की चपेट में आने से जख्मी हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रीति कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरो गांव में पढ़ती है। इस दौरान ब्रजपात की घटना घटी इसके चपेट में आने से स्कूल में पढ़ाई कर रही प्रीति कुमारी व घर में काम कर रही प्रीति देवी घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### अनियंत्रित होकर दीवार से टकराया मोटरसाइकिल

**गढ़वा।** बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर बाना गांव के पास अनियंत्रित होकर एक मोटरसाइकिल सवार सड़क के किनारे घर के दीवार से टकरा गया। जिस पर सवार एक युवक और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में घायल चैनपुर कंकारी गांव निवासी सुरेश चौधरी का पुत्र मंदीप कुमार 18 वर्ष वह कांडी थाना क्षेत्र रतनाग गांव निवासी अखिलेश चौधरी का पुत्री काजल कुमारी 17 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बंशीधर नगर से गढ़वा की ओर आ रहे थे। इस बीच बाना गांव के पास तीखा मोड होने के कारण उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### तीन अलग -अलग गांवों में हुई वज्रपात

**मेराल।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में वज्रपात की घटना में तीन व्यक्ति घायल और चार पशुओं की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार गेरुआ गांव के बिछियादामर टोला निवासी, मुख्तार अंसारी 40 वर्ष और कविता कुमारी 18 वर्ष , बारिश होने के दौरान वज्रपात की घटना में घायल हुए हैं । दोनों घायलों का इलाज मेराल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इसके साथ ही तेनार गांव निवासी सोनम कुमारी 22 वर्ष वज्रपात की घटना में घायल हो गई है जिसका इलाज संगवारिया के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। इसके अलावा मेराल गांव में भीखू पटवा और शंभू राम का एक-एक गाय की, मौत हो गई है जबकि गोबरदाहा गांव निवासी रामप्रताप कोरवा के दो बेल वज्रपात की घटना में मौत हो गई है। इन सभी घटना के संबंध में सी ओ यशवंत नायक से पूछे जाने पर बताया कि घटना की जानकारी मिली है उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन प्राप्त होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार आपदा प्रबंधन राहत कोष से राशि भुगतान करने की आश्वासन दिया।

### वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव में हुई ब्रजपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का पहचान जरही गांव निवासी छोटू चौधरी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुबह 11 बजे छोटू चौधरी मवेशी लेकर खेत की तरफ गया हुआ था। इस दौरान हल्की बारिश के बीच ब्रजपात हो गई। उक्त घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे सदर अस्पताल लाया। जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बारिश होने से मिट्टी का घर हुआ ध्वस्त, परिवार हुआ बेघर

**खरौंधी।** प्रखण्ड में काफी समय के बाद बुधवार को मुसलाधार बारिश होने से किसानों के चेहरों पर दिखी खुशी।जिसमें किसान अपने खेतों में धान की रोपनी करने के लिए अपने खेतों में लग गए। वहीं प्रखंड में बुधवार को तेज बारिश होने से प्रखंड के सिसरी निवासी अजय प्रजापति के घर बारिश होने से मिट्टी का घर धवस्त हो गया। जिसमें अजय प्रजापति के पास रहने के लिए कोई घर नहीं रहा।वह पूरी तरह से बेघर हो गया। तेज बारिश में मिट्टी का घर ध्वस्त हो जाने के बाद उन्होंने अपने पड़ोस के घरों में पूरे परिवार के साथ रहने को मजबूर हो गए। भुक्तभोगी अजय प्रजापति ने बताया कि घर में रखा कई सामान भी घर ध्वस्त होने से नष्ट हो गया । वहीं हमारे पास रहने के लिए कोई घर नहीं रहा। अगर सरकार के द्वारा मुझे आवास मिल जाता तो मैं आवास बनाकर घर में रह लेता। वहीं अजय प्रजापति के घर बारिश में ध्वस्त होने की सूचना पाकर खरौंधी उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने जायजा लिया।

जिसमें उन्होंने पदाधिकारियों से मांग किया की अजय प्रजापति का घर जांच कर इन्हें सरकारी आवास दिया जाए क्योंकि इनके पास रहने के लिए अभी कोई घर नहीं है।

## एक नजर

### राजद युवा जिला अध्यक्ष का पितृ शोक

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव के पिता मुला यादव (95वर्ष) का आकस्मिक निधन बालूमाथ बुकरू स्थित पैतृक आवास में हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्व. मुला यादव बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका बुधवार दोपहर 12:30 बजे अपने आवास में अंतिम सांस ली। इस घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टी से कई कार्यकर्ता दीपक यादव के पैतृक आवास पहुंचे। दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया के माध्यम से सैकड़ो लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त की। वहीं ग्राम स्थित मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम के लिए अंतिम शव यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकल गई। हिंदू विधि विधान के साथ मुला यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। इस अंतिम यात्रा में कई राजद पार्टी के कार्यकर्ता सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता समाजसेवी पत्रकार ग्रामीण आदि शामिल हुए।

### वज्रपात से महिला घायल

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत बालू पंचायत के पल्ही ग्राम में वज्रपात से 50 वर्षीय महिला प्रभु दासी कुजूर घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला खेत में धान की बुआई कर रही थी। इसी क्रम में बरसात होने लगी और बरसात के साथ बिजली चमकी और वज्रपात हुआ। जिसके चपेट में महिला आकर मूर्छित हो गई। इसके बाद परिजन एवं आसपास के ग्रामीणों ने महिला को आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। इसके बाद महिला का स्थिति में सुधार देखा जा रहा है।

### कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के द्वारी बाय से 55 कांवरियों का जत्था बुधवार को देवघर रवाना हुआ। जत्था का नेतृत्व जवाहर यादव, रंजीत यादव, सुरेंद्र यादव व महादेव यादव कर रहे हैं। बताया गया कि जत्था गुरुवार को उतर वाहिनी गंगा से जल उठाकर भक्त पैदल देवघर जायेंगे। रविवार को भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करेंगे। जत्था रवाना होने से पहले भक्त बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किया। जत्था में दीपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### कुदुस बने अध्यक्ष सचिव बने सुरेंद्र

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातु पंचायत अंतर्गत गांगपुर गांव में बुधवार को वन अधिकार समिति गठन को लेकर पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वनाधिकार समिति का गठन कर लिया गया। यह कमेटी का गठन पंचायत के मुखिया डेगन गंझू के अध्यक्षता में किया गया।

## कोयला लदे वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदा

# एक की मौत, दूसरा रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** कोल वाहनों के परिचालन को लेकर जारी तमाम प्रशासनिक दिशा-निर्देशों की टंडवा में धज्जियां उड़ाते हुए इन दिनों सार्वजनिक सड़कों से दिन-रात कोयले की हो रही ढुलाई। इन दिनों बड़े पैमाने पर सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को टंडवा - पिपरवार सड़क किनारे स्थित मंडेर में पीएनएम नामक कंपनी के अनियंत्रित कोल वाहन ने रांची स्थित हिंदपीढ़ी के रहने वाले दो युवक को कुचल दिया। जबकि कुछ लोगों का ये भी कहना है कि घटना को अंजाम देने वाला वाहन मगध से मोनेट जा रहा था। बताया गया कि उक्त घटना सामानों का आर्डर लेने बाईक से मो. कलीम तथा मो. सद्दाम को टंडवा आने के दौरान घटी। जहां उन्हें चपेट में लेकर कोलवाहन फरार हो गया।



वहीं हादसे में मो. सद्दाम की मौत हो जाने की भी सूचना है। जबकि दूसरे गंभीर रूप से घायल को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीछे से आ रहे कोल वाहनों को रोककर दिन में कोल ट्रांसपोटिंग बंद करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। बहरहाल, पुलिस पूरे मामले के छानबीन में जुटी हुई है। **ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों द्वारा प्रशासनिक आदेशों को दिखाया जा रहा है ठेंगा :** पिछले दिनों 9 जुलाई को अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक के बाद ना जाने क्यों दिन- रात कोल वाहनों के परिचालन के लिए हरी झंडी दिखा दी गई। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि होने से भारी जानमाल की क्षति हो रही है। जबकि, उक्त बैठक से पूर्व एसडीएम सिमरिया ने पत्रांक 499 दिनांक 1 जुलाई व पत्रांक 659 दिनांक 6 जुलाई को सीसीएल प्रबंधन समेत अन्य को पत्र लिखकर नो एंट्री का सख्ती से अनुपालन करते हुए परियोजना क्षेत्रों में हीं कोल वाहनों का ठहराव कराने के सख्त निर्देश दिये थे। जिसपर सीसीएल अधिकारी ने सभी ट्रांसपोर्टरों को पत्रांक 393 दिनांक 07 जुलाई के माध्यम से सूचना भी जारी की गई थी। जो अब केवल हांथी का दांत बनकर रह गया है। जारी प्रशासनिक आदेश और उसकी शिथिलता से अब लोगों में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। सूत्रों की मानें तो शुरूआती कड़े तेवर दिखाकर ट्रांसपोर्टरों से अधिकारी केवल अपना ताल्लुकात बढ़ाते हैं। यही वजह है कि परिवहन अधिकारी समेत अन्य अब उनपर खाशे मेहरबानी करने लगे हैं।

### एएनएम व सहिया दीदी ने किया मासिक समीक्षा बैठक

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय के फुलसु मोड स्थित आयुषमान आरोग्य मंदिर (उप-स्वास्थ्य केंद्र) में सहिया व एएन एम की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी सहिया दीदी के एक माह के कार्यो की समीक्षा किया गया। बैठक में सी एच ओ सैलिना एक्का ने व्यस्कों को टीवी व बीसीजी का टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। वहीं 06 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन सीरप पिलाने व उससे बड़े बच्चों को आयरन गोली देने के बारे में बताया। एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार ने बरसात में होने वाले कई बिमारियों जैसे मलेरिया, फलेरिया, डायरिया, चिकन गुनिया के बारे में जानकारी दी, साथ ही उसके रोक थाम के बारे में बताया। मौके पर एएनएम उषा कुमारी, जिवन तिर्की लकड़ा सहिया रेखा देवी, माया देवी, देवन्ती देवी, पिंकी देवी, निरेश देवी, शिलामनी देवी, मसोमात रेखा सहित कई सहिया दीदी मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### लोजपा का सम्मान सह स्वागत कार्यक्रम संपन्न

**चंदवा।** होटल मयूर इंटरनेशनल परिसर में बुधवार को लोजपा (रामविलास) का पदाधिकारी सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पासवान व संचालन जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथियों का स्वागत पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम का संचालन कर रहे नागेंद्र प्रसाद ने लोक जनशक्ति पार्टी के नीति व सिद्धांतो को पार्टी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पासवान ने कहा कि एक माह के अंदर जिले में लोजपा कमिटी गठित हो चुकी है। संगठन काफी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी पार्टी का उद्देश्य जिले में उद्योग धंधा स्थापित हो व स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर मिले। वहीं जिला उपाध्यक्ष विकास दुबे व अन्य वक्ताओं ने जिले में विकास की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए चिंता जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान ही प्रखण्ड कमिटी के गठन व विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर प्रजापति को बनाया गया साथ ही जल्द ही प्रखण्ड कमिटी का विस्तार करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान ही जिला उपाध्यक्ष विकाश दुबे व जिला महासचिव दिलीप प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोगो में लोजपा का दामन थामा। जिन्हें जिलाध्यक्ष ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मौके पर रामसेवक बैठा, शिवनंदन पासवान, योगेंद्र शुक्ला, भरत प्रजापति, नगीना देवी, सीमा गुप्ता, नूर मोहम्मद, सुभाष गंझू, राजू ठाकुर, सुनील गंझू, दीपक भगत, करण गंझू, सुभाष कुमार, प्रदीप गंझू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जिप सदस्य सरोज देवी ने भाजपा जिला अध्यक्ष को लातेहार विस से प्रत्याशी बनाने के लिए आवेदन सौंपा



**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री सरोज देवी ने लातेहार विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाने को लेकर बुधवार को जिलाध्यक्ष पंकज सिंह को आवेदन सौपा है। जिपस सरोज देवी वर्तमान में अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति की केंद्रीय सदस्य भी है। वे 2009 से भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं। तब से विभिन्न पदों में रहकर के पार्टी का निष्ठा पूर्वक व ईमानदारी से कार्य कर रही है। वर्तमान में वे जिला कार्यसमिति के पद पर है। उन्होने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की है। इसके बाद 2010 से 2015 तक स्वास्थ्य सहिया के रूप में कार्य कर चुकी है। वर्ष 2016 में वे जिला परिषद पद पर निर्वाचित हुई तथा वर्तमान में भी इसी पद पर कार्यरत हैं। आवेदन में उन्होने बताया है कि लातेहार विधानसभा अंतर्गत भुइया समाज बहुसंख्यक है और समाज का प्रतिनिधित्व सिर्फ पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत ही सीमित है। विधानसभा में भाजपा के प्रति अत्यधिक समर्पण इस समाज का है। इसलिए उचित प्रतिनिधित्व का मौका उन्हें मिलना चाहिए। बताते चले कि सरोज देवी इन दिनों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर रही है और लोगों से सहयोग कि अपील की है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बीएलओ के साथ बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने बुधवार को मतदाता सूची पुनिरीक्षण को लेकर प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के साथ-साथ प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्र के बीएलओ उपस्थित थे। बैठक में मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने मृतक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट करने के साथ-साथ विवाहित मतदाताओं का नाम भी हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ घर-घर जाकर पर पत्र छह एवं सात भरने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्य में कोताही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगा। चुकी यह चुनाव आयोग से संबंधित है। किसी भी तरह से गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के साथ-साथ पर्यवेक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ अनुमंडल पदाधिकारी ने मईया सम्मान योजना का फॉर्म भी सेविकाओं को उपलब्ध कराया है। तीन अगस्त से शिविर में योग्य लाभुको का आवेदन आनलाइन तेजी गति से करने व स्वीकृति देने का निर्देश दिया है। लाभुक आधार से लिंकेज बैंक पासबुक, राशन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो साथ में अवश्य लायें। बैठक में सभी बीएलओ सहित अन्य थे।

## अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुन्दा (चतरा)।** अबुआ आवास योजना में लाभुक चयन को लेकर दूसरी बार पंचायत भवन में कुन्दा मुखिया मनोज साहू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। वहीं सभा का संचालन पंचायत सेवक राम जी साव ने किया। आयोजित सभा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने लाभुकों को चयन से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए काहा कि अबुवा आवास मिलने के उपरांत लाभुकों को तीन महीने के अंदर आवास को पूर्ण करना होगा। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अबुआ आवास सरकारी रूपरेखा के अनुसार बनाई जाएगी। यदि कोई लाभुक आवास की आड़ में बड़े आलीशान मकान का निर्माण करता है तो नियम संगत वैसे लाभुकों से राशि वापस लेते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि चतरा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रमेश घोलप के निर्देशानुसार ग्राम सभा का आयोजन कर लाभुक का चयन किया जाना है। बैठक में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण, आवास ऑपरेटर, पंचायत सहायक समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर 3 से 10 अगस्त तक पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन : बीडीओ

- **21 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मिलेगा लाभ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की पंचायतों में लगने वाली शिविर व योजना की विस्तृत जानकारी हेतु प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया आंगनबाड़ी सेविका की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिसके तहत योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन होना है। शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी जरूरी कार्य समय पर निष्पादित और योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार कि यह महत्वपूर्ण योजना है। योजना का लाभ लेने से एक भी योग्य महिला नहीं छुटे सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने कहा योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका अपने -अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगे। बीडीओ ने कहा योजना का लाभ लेने के लिए लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत भवन में आगामी 3 से 10 अगस्त तक लगने वाले शिविर में आना होगा। बीडीओ ने कहा कि आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो, पहचान पत्र और आधार कार्ड, आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), गुलाबी राशन कार्ड), (सफेद राशन कार्ड) और हरा रंग का राशन कार्ड धारी होना चाहिए। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया एवं आंगनबाड़ी सेविका शमिल थे।

### शिक्षक देवनंदन प्रसाद को दी गई भावभीनी विदाई

**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा मध्य विद्यालय के प्रांगन मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के शिक्षक और बच्चों समेत स्थानीय लोगों ने भाग लिया। शिक्षक देवनंदन प्रसाद को विद्यालय में आये आगंतुको ने उपहार व अंग वस्त्र दिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, भाषण देकर। कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में आए आगंतुकों के द्वारा देवनंदन प्रसाद के अविस्मरणीय व्यक्तित्व की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि देवनंदन प्रसाद ऐसे शिक्षक हैं जो कई युवाओं के भविष्य के निमार्ता बने हैं। आज इनके पढ़ाये हुए युवा बड़े-बड़े पद पर हैं। लोगों ने यह भी कहा कि देवनंदन प्रसाद ऐसे शिक्षक हैंजो समाज में शिक्षा को शिखर तक पहुंचाया है। जिसका जीवन्त उदाहरण इनके पढ़ाये हुए बच्चे शिक्षा के बदौलत सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल देव विश्वकर्मा, जयंत कुमार, जगदेव भारती, अजीत तिवारी, अरुण कुमार सिंह, श्रवण दास, मनजीत कुमार, हाफिज अंसारी, मोहन तिवारी, बसंत नारायण सिंह एवं भारी संख्या मे विद्यालय के छात्रा-छात्राएं एवं अभिवावक शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना प्रचार रथ को बीडीओ ने किया रवाना

**गारू/लातेहार।** झारखंड राज्य में मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए गारू प्रखंड में एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। बुधवार को प्रखंड परिसर से बीडीओ संतोष बैठा और सीओ दिनेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य योजना के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकें। बीडीओ संतोष बैठा ने बताया की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए आवेदक का झारखंड का का स्थानीय होना अनिवार्य है। उम्र 21 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए साथ आधार कार्ड और सिंगल बैंक खाता होना आवश्यक है। जिन महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है। वे भी दिसंबर 2024 तक इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। इसके अलावा आवेदक के पास झारखंड राज्य का पीला, गुलाबी या हरा राशन कार्ड होना चाहिए। मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मी समेत कई लोग शामिल थे।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के अवर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2544 दिनांक 05.07.2024 एवं राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड रॉंची के ज्ञापांक 17 नि0,दिनांक 30.04.2024 द्वारा अनिवार्य विवाह निबंधन अधिनियम 2018 के प्रावधानों के अनुसार विवाह का निबंधन अनिवार्य कर दिया गया है। उक्त अधिनियम एवं नियमावली के प्रावधानों के अन्तर्गत विवाह का निबंधन शहरी क्षेत्र में शहरी स्थानीय निकाय के रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) को निबंधन पदाधिकारी नामित किया गया है।

अतः सर्वसाधारण से अनुरोध है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत होने वाले विवाह का निबंधन अनिवार्य रूप से कराना सूनिश्चित की जाय। उक्त निबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी राज कुमार वर्मा, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, लातेहार से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 331348 Urban Development(24-25)#D



**कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा),पलामू**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा जिले में कृषि सिंचाई के लिए सौर उर्जा चालित 2 एच0पी0 एवं 5 एच0पी0 के पम्पसेटों का 90 प्रतिशत अनुदान पर वितरण हेतु किसान समृद्धि योजना का शुभारम्भ किया गया है। उक्त योजना के तहत अनुदानित दर पर सौर उर्जा चालित पम्पसेट प्राप्त करने हेतु निम्नांकित शर्तो के साथ आवेदन की मॉंग की जाती है :–

- व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य/शेयर होल्डर – झारखण्ड राज्य के निवासी होना चाहिए।
- कृषक महिला समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत)/FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
- आवेदन में FPO/FPC/LAMPS/PACS के User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार नम्बर होना चाहिए।
- एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
- आवेदन ग्राम सभा से पारित/अनुशंसित होना चाहिए।
- किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्त्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
- किसान/समूह/संस्था यह सुनिश्चित करेंगें कि आवेदकों की भूमि जल स्त्रोत के पास में ही हो, अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
- आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर एवं राशन कार्ड होना चाहिए।
- योजना अंतर्गत लाभुको का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :

(A) व्यक्तिगत किसान योजना के लिए निम्नलिखित दस्तावेज पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे :–
क) जमीन का मालगुजारी रसीद
ख) वंशावली का शपथ पत्र/JRFRY से अनुबंधित किसान
ग) आधार कार्ड की फोटो कॉपी
घ) आधार कार्ड लिंक्ड मोबाईल नं0
ड.) आधार कार्ड लिंक्ड राशन कार्ड
च) बैंक पासबुक का फोटोकॉपी

(B) SHGs/FPO/FPC/LAMPS/PACS के लिए निम्नलिखित दस्तावेज पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे :–
क) संस्था का पंजीकरण प्रमाण पत्र
ख) अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथा आधार लिंक मोबाईल नं0
ग) युजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड
घ) जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद।
ड.) संस्था का बैंक खाता।

निम्नलिखित श्रेणी के आवेदक इस योजना के पात्र नही होंगे :

- बटाईदार किसान/यदि परिवार में कोई संवैधानिक पद पर हों/राज्य/केन्द्र सरकार के साथ पी0एस0यू0 और सरकारी स्वायत निकायों के सेवारत या सेवानिवृत अधिकारी और कर्मचारी/डॉक्टर/इंजीनयर/चार्टड एकाउन्टेन्ट/आर्किटेक्ट्स और वकील जैसे प्रोफेशनल्स/सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर)
- समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य का अलग से आवेदन, अगर समुह आवेदन कर रहा और सदस्य का भी नाम आवेदन में है।
- अन्य किसी विभाग से समरूप सिंचाई योजना से आच्छादित या स्वयं द्वारा पूर्व में ऐसी इकाई अधिष्ठापित की गयी हो, ऐसे लाभुक एवं उनके परिवार।
- काली सूचि में किसान उत्पादक समूह/किसान उत्पादक कम्पनी, सहकारी समिति इत्यादि।

आवेदन एवं लाभुक चयन की प्रक्रिया :

- पात्र आवेदक अपना आवेदन पत्र दिये गये आवेदन प्रपत्र (क, ख एवं ग) में सारी जानकारी भरेंगे।
- ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ CSC (प्रज्ञा केन्द्र/पैक्स/लैम्पस) या अन्य सेवा केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पुरी करनी होगी तथा वांछित दस्तावेज अपलोड करना होगा साथ ही आवेदक अपना आधार तथा राशन कार्ड आधारित e-kyc करायेंगे। इसके लिए CSC को निर्धारित सेवा शुल्क का वहन करना होगा।
- लाभुक चयन उपरान्त सात दिनों के अंदर कृषक अंशदान 10 प्रतिशत की जमा राशि के साथ बैंक में Escrow Account खोलवाना होगा।
- आवेदन प्रपत्र आत्मा, पलामू के बेबसाईट www.atmapalamau.org से Download किया जा सकता है।
- अधिक जानकारी के लिए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 या आत्मा, पलामू के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आत्मा, पलामू

PR 331368 Agriculture(24-25).D


**संत जेवियर्स महाविद्यालय में धूम-धाम से मनाया गया संत इग्नेसियस ऑफ लोयोला का महापर्व**

## सपने देखना और उस सपने को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करना जीवन का उद्देश्य होना चाहिए : डॉ. फादर एमके जोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महाविद्यालय के सभागार में इस कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र मास के साथ प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात इस दिन को और यादगार बनाने हेतु सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रार्थना नृत्य, एकल नृत्य बॉलीवुड नृत्य, वेस्टर्न नृत्य, नागपुरी वा सादरी नृत्य इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो के द्वारा संत इग्नेशियस लोयोला के जीवनी के ऊपर एक खूबसूरत व मनमोहक वीडियो प्रस्तुत किया गया, ताकि महाविद्यालय के विद्यार्थी उनके जीवन से सीख ले सके। साथ ही कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स एवं गैर



शिक्षेतर कर्मचारियों के द्वारा सुमधुर स्वरों में मंगलकामना गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एमके जोश ने इस शुभ अवसर पर अपने संदेश के दौरान कहा कि संत इग्नेशियस ऑफ लोयोला एक स्पेनिश पादरी और धर्मशास्त्री थे। जिन्होंने 1540 में जेसुइट ऑर्डर की स्थापना की और काउंटर-रिफॉर्मेशन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक थे। अपने मिशनरी, शैक्षिक और धर्मार्थ कार्यों के लिए जाना जाने वाला, जेसुइट ऑर्डर रोमन कैथोलिक चर्च के आधुनिकीकरण में एक अग्रणी शक्ति थी। इन्होंने यह भी बताया कि पीटर फेबर और फ्रांसिस जेवियर के साथ, इग्नाटियस ने सोसाइटी ऑफ जीसस का गठन किया। जिसे 1540 में पोप पॉल द्वारा अनुमोदित किया गया था। फादर जोश ने कहा कि संत लोयोला जानते थे कि शिक्षा के द्वारा ही सपनों को साकार किया जा सकता है। इसलिए उन्होंने दुनिया भर में अनेकों महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की स्थापना की। प्राचार्य ने कहा संत लोयोला कहा करते थे कि यदि लोगों के अंदर आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प है तो वे अपने आप को बदल सकते हैं। भले ही वह परिवर्तन आसानी से ना आए। उन्होंने कहा कि ईश्वर के साथ जीवन के निर्णय कैसे लिए जाएं। जीवन के माध्यम से अपने लिए ईश्वर के मार्ग को बेहतर तरीके से कैसे समझा जाए। इसके लिए सभी चीजों में ईश्वर को खोजने का प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों के बीच मिठाईयां व चॉकलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मंच संचालिका दीप्ति नगेशिया और मंच संचालक सुमित लकड़ा कर रहे थे। कार्यक्रम के अंत में फादर लियो के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, प्रोफेसर्स तथा अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मुख्यमंत्री सारथी योजना के सम्बन्ध में 12वीं कक्षा के छात्रों को दी गई जानकारी

**बारियातू।** प्रखंड स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सारथी योजना का जिला समन्वयक प्रवेश कुमार ने विद्यार्थियों को कौशल विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण ले। प्रशिक्षण लेने के बाद आप सब रोजगार से जुड़ सकते हैं। जिससे आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान होगा। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी प्राप्त करने को लेकर विभन्न ट्रेडों के बारे में चर्चा किया। वहीं छात्र-छात्राओं से 250 आवेदन प्राप्त हुआ। जिला समन्वयक प्रवेश कुमार ने बताया 12वीं क्लास में पढ़ने वाले इच्छुक छात्र-छात्राओं को तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु वाले पढ़ाई छोड़ चुके हैं वैसे लोग भी प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं।

## एक नजर

### जुगल किशोर पोद्दार के निधन पर मारवाड़ी समाज ने जताया शोक



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोहरदगा जिला के पूर्व संघ संचालक अग्रणी समाजसेवी व व्यवसायी जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जुगल किशोर पोद्दार सरल, मिलनसार, मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। वे कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे।

### कैरो में वज्रपात से किसान की मौत

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से एक अधेड़ किसान की मौत। मिली जनकारी के अनुसार गजनी गांव निवासी जतरु उरांव बुधवार करीब तीन बजे बारिस का पानी बांधने के लिए अपना खेत गया था।अचानक आसमानी बिजली गिरने से जतरु उरांव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक खेती बाड़ी करके अपना जीवन यापन करता था। घर का अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया। प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों में लगातार दो लोगो का बज्रपात से मौत हो गया।

### पुरस्कार राशि के लिए 6 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**लोहरदगा।** खेल विभाग, झारखंड रांची के द्वारा 11 मार्च 2023 विभागीय संकल्प संख्या 03 अंतर्गत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता/प्रतियोगी राज्य के खिड़ालियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगर पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निधारित किये गये हैं। झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 1 अप्रैल 2023 के बाद अंतरराष्ट्रीय/भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प के अनुसार अर्हताधारी हों वे 6 अगस्त तक जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं।

### गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी तिथि को बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु -विद्या मंदिर ओपा के सभा कक्ष में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निर्देशन में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन ओपा के लाल विभयनाथ साहदेव के दिशा -निर्देशन में सफल हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ महर्षि वेदव्यास जी के चित्र पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन विशेष अतिथि सच्चिदानंद अग्रवाल द्वारा माल्य अर्पण एवं विशेष अतिथि लाल विभयनाथ साहदेव द्वारा पुष्पा -अर्चन के द्वारा हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य परमेश्वर वर्मा ने स्वागत एवं कार्यक्रम परिचय के साथ अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के बहनों ने अतिथियों का स्वागत, स्वागत गान द्वारा किया। प्रभारी प्रधानाचार्य आनंद साहू ने मंच सेवा की, गुरु दक्षिणा, के पश्चात संघ ध्वज पूजन, ध्वज संघ प्रार्थना के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# संत इग्नसियुस लोयोल त्योहार धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी रोमन कैथोलिक चर्च नवाडीह में संत इग्नासियुस लोयोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्यअधिष्ठाता फादर देवनीश तिर्की द्वारा मिस्सा पूजा संपन्न कराया गया। मौके पर मुख्यअधिष्ठाता ने कहा कि आज हमलोग संत इग्नासियूस यीशु समाज का पर्व मना रहे हैं। ईश्वर को धन्यवाद जो यीशु समाज इन्ही की देन है आज सभी पुरोहित उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं। उन्होंने एक धार्मिक समुदाय के नाम से सोसाइटी ऑफ जीसस की स्थापना की। उन्होंने कहा कि परिवर्तन ही जीवन है मनुष्य जो कुछ भी करे ईश्वर के नाम से करे ईश्वर की महत्तर महिमा जो भी करते हैं। ईश्वर को समर्पित करें दुनिया में लगभग 16 हजार यीशु समाजी लोग काम कर रहे हैं। संत इग्नासियुस जो एक धनी परिवार से थे, जिसमें 13 भाई बहनों में सबसे छोटे थे, वे बचपन से ही नाम कमाना चाहते थे, वे एक साधारण सैनिक से सेनापति बने थे। उन्होंने स्पेन फ्रांस युद्ध में लोयोला भवन को बचाने के लिए पमलोना युद्ध में तोप का गोला लगने से एक पैर गवां बैठे। उसके बाद घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हुए जहां उनका मन नहीं लग रहा था तो उन्होंने किताबें मंगवाई। जिन्हें संतों की जीवनी और ईसा मसीह की जीवनी की पुस्तक मिली। दोनों किताब पढ़ने के बाद उनका मन परिवर्तन होने लगा। उन्होंने सोचा कि बड़े लोग मेरे जैसा मनुष्य जाति के हैं मगर कैसे बड़े-बड़े लोग बने, उनके मन में यह सवाल आया फिर चिंतन मनन में ईश्वरीय अनुभव प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने किताब में अपना अनुभव और ईश्वर से प्रेरित होकर लिखा कि जो मेरा अनुसरण करना चाहें वो अपना क्रूस उठाकर मेरे पीछे होले और अपना आत्म त्याग करें। यहीं अपने दोस्तों को बोलता था मगर अपना जीवन ही गवां दे इन्ही दो वाक्यों को बोलते गए और अपने नौ दोस्तों के साथ मिलकर यीशु संघ की स्थापना की।



### उद्देश्य ईसा मसीह का सेवक बनाना

उनका मुख्य उद्देश्य ईसा मसीह का सेवक बनाना था, जिसके लिए उन्होंने शिक्षा, आध्यात्मिक जीवन को बढ़वा दिया। जो अभी के समय में यीशु समाजी दुनिया के हर क्षेत्र में काम करने के लिए फैले हुए हैं। उसके बाद इन्हीं कार्यों की वजह से उन्हें सन 1622 में संत घोषित किया गया। इस मौके पर 10 वीं कक्षा की छात्राओं द्वारा संत इग्नासियूस लोयोला के जीवनी को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

### मिस्सा पूजा में ये लोग मौजूद थे

मौके पर फादर ब्यातुस किंडो, फादर पिंगल कुजूर, फादर जेरोम खलखो, फादर बिलियम डुंगडुंग, फादर जस्टिन लुसियन, फादर टी पायस, सि बेरनासिया, सि ललिता, सि फ्लोरा, सि भूषण, सि बेरोनिका, प्रमुख जीवंती एक्का, मुखिया प्रदीप मिंज, चेतनलाल मिंज सहित सैकड़ों धर्मावलंबी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सिकल सेल एनीमिया को लेकर समीक्षात्मक बैठक, बोले उपायुक्त

# जिले के शत-प्रतिशत नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया जांच हो

- *6 अगस्त को कार्तिक उरांव कॉलेज में सिकल सेल एनीमिया को ले मेगा कैंप का किया जाएगा आयोजन*



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में समीक्षा की गई। गुमला जिले के शत प्रतिशत नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया जांच हो सके इसके लिए योजना तैयार करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। अब तक उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के सभी पीवीटीजी ग्राम अंतर्गत सिकल सेल जांच पूर्ण किया गया है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि नवंबर 2024 तक जिले के सभी नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया जांच पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 6 अगस्त को जिला के कार्तिक उरांव कॉलेज में सिकल सेल एनीमिया को लेकर एक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें की कॉलेज के सभी बच्चों का सिकल सेल एनीमिया जांच होगा।

स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ डॉ. पी.के. सिन्हा ने बताया कि 6 अगस्त को आयोजित होने वाले मेगा कैंप का उद्देश्य है कि जिले के सभी विद्यालयों एवं कॉलेजों के शत प्रतिशत बच्चों का सिकल सेल एनीमिया जांच करना है। जिसके तहत के.ओ. कॉलेज से इसका शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 22 टीम का गठन किया गया है जिनके द्वारा सिकल सेल एनीमिया का जांच किया जाएगा। अब तक हुए जांच रिपोर्ट से गुमला जिले में 1 प्रतिशत सिकल सेल एनीमिया के मरीज देखने को मिले हैं।

बुधवार के बैठक में मुख्य रूप से एसीएमओ., डीपीएम हेल्थ, एडीएफ हेल्थ, एडीएफ मीडिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### चोरी के 24 बैटरी लदे बोलेरो जब्त

**गुमला।** भरनो थाना स्थित नेशनल हाईवे 23 मुख्य सड़क पर जूरा ग्राम के समक्ष एक मोबाइल टावर से 24 बैटरी की चोरी कर चोर भाग रहे थे। इसी क्रम में भरनो थाना पुलिस गश्ती दल को उक्त बोलेरो पर नजर पड़ी। जब भरनो थाना पुलिस गश्ती दल ने उक्त बोलोरो गाड़ी का पीछा किय तो चोरों ने महादेव चेगरी ग्राम के पबया बगीचा के समक्ष उक्त बोलोरो गाड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे। भरनो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त बोलेरो वाहन और चोरी के 24 बैटरी को जब्त कर भरनो थाना लाया गया।

### स्वास्थ्य जागरुकता पर कार्यशाला

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला किया गया। इसमें एएनएम, सीएचओ एवं सहिया को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों द्वारा स्वास्थ्य सेवा लेने में वर्तमान चुनौती समाधान एवं सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दी गयी।

## जिप अध्यक्ष ने मनरेगा कूप निर्माण योजना का लिया जायजा



- *लाभुक की शिकायत पर पहुंची थी जिप अध्यक्ष, सत्यता की जांच हुई*

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम उगरा टँगरा टोली में मनरेगा योजना से हो रहे कूप निर्माण कार्य की शिकायत पर जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने स्थल परिभ्रमण कर जांच किया। जांच में पाया गया कि ईंट की क्वालिटी बहुत ही घटिया है। आधा से ज्यादा ईट टूटे हुए पाए गये। जिप अध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक नंबर इट की जगह पर दो व तीन नंबर की ईंट दिया जा रहा है। ईंट की क्वालिटी देखने पर पता चला कि मेड़बंदी के लिए भी काम नहीं आ सकते है। लाभुक के द्वारा बताया गया है कि कूप निर्माण कार्य शुरूआत किये हुए 3 महीने हो गये है। लेकिन हमे न तो समय पर इट दिया जा रहा न ही बालू और न सिमेंट। हमलोग बस इन्तजार में रहते है कि हमे समय पर सामान उपलब्ध हो जाए। उपर से भेंडर के द्वारा लाभुक पर दबाब बनाया जा रहा कि आप यही ईंट से अपना काम करवाए। जाँच में लाभुक की शिकायत की सत्यता पाई गई। जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने बताया कि इसकी रिर्पोट बनाकर तैयार किये गये है. यहीं पर जो मनरेगा कर्मी, भेंडर पंचायत सेवक, रोजगार सेवक जो भी इस कार्य में संलिप्त है उनके उपर सख्त कारवाई की जायगी। इस मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख - फुलझरी देवी, सनियारो उरॉव, देवन्ती उराव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सुदेश महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी अपना परचम लहराएगी : देवशरण भगत

- *लातेहार के तत्कालीन उपायुक्त राजीव कुमार ने कहा, हर हाल में जीतेगी आजसू पार्टी*




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डा.देवशरण भगत ने आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला प्रधान कार्यालय में एक बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में आजसू पार्टी सुदेश महतो के नेतृत्व परचम लहराएगी। बुधवार को लोहरदगा विधानसभा की तैयारी का जायजा लेने के पश्चात मै यह कह सकता हूं कि इस बार लोहरदगा में आजसू पार्टी रिकॉर्ड मतों से विजयी प्राप्त करेगी। एक-एक कार्यकर्ता इस बार तन मन धन से आजसू पार्टी को जीताने के लिए तत्पर है। वहीं बैठक में लातेहार के पूर्व उपायुक्त आईएएस राजीव कुमार महतो ने कहा कि मैं सरकारी सेवक से रिटायर होने के बाद सामाजिक सेवा करने के लिए पार्टी में आया हूं और मैं आप लोगों के साथ हूं क्योंकि यह मेरा गृह क्षेत्र है।

आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के लोहरदगा दौरे को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख ,युवा मोर्चा तथा सभी अनुसांषगिक इकाई को विस्तार हो रहा है एवं चुनावी वर्ष में हम चल रहे हैं। जिला के संयोजक एवं केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने संगठन के मजबूती पर अपनी बात को रखें। केंद्रीय सचिव सह कैरो प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव चूल्हा प्रमुख जल्दी से जल्दी कैसे बने इस पर अपनी बात को रखते हुए सभी को संबोधन किया।

बैठक का संचालन बुद्धि की मंच के केंद्रीय सचिव दिलीप साहू ने किया। बैठक में जिला संयोजक महेंद्र महतो, बबलू महतो, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, संजय विश्वकर्मा, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कौशिक राज मेहता, गुड्डुस प्रसाद, मीर आरिफ उर्फ छोटू , शाहिद अंसारी, शमीम अंसारी, महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू, संजीव शर्मा, अरुण सिंह, सागर वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान सप्ताह आयोजित

# वैज्ञानिकों की जीवन से लें खोज की प्रेरणा : सुनील



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भविष्य के वैज्ञानिक तैयार करने की दृष्टि से 25 जुलाई से विज्ञान सप्ताह का शुभारंभ भारतीय महान रसायन शास्त्री नागार्जुन की खोज और उपलब्धियों पर परिचय कर कराया गया तथा कार्यक्रम के अंतर्गत भैया-बहनों का प्रयोगशाला दर्शन के साथ विभिन्न प्रकार के प्रयोग के गुण सिखाए गए। द्वितीय दिवस में महर्षि चरक का जीवन परिचय तथा महाविद्यालय के महर्षि चरक वाटिका में उपलब्ध विभिन्न औषधीय पौधों का उपयोग बताया गया। तृतीय दिवस में आचार्य सुश्रुत की जीवनी एवं उपलब्धियां पर चर्चा के साथ-साथ महाविद्यालय के फुलों के बागो के देख-रेख के बारे में बताया गया। चौथे दिवस में महाविद्यालय के भैया बहनों द्वारा अपने ग्राम मोहल्ले के पास पौधारोपण कर उसकी देखरेख और सुरक्षा करने का प्रण भी लिया गया। पंचम दिवस में मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी का जीवन परिचय तथा ग्राम के खेतों का दर्शन कराया गया। छठा दिवस भारतीय वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का जीवन परिचय तथा पर्यावरण निरीक्षण कर भैया बहनों द्वारा अपने विचार साझा किए गए। सातवें दिवस जगदीश चंद्र बसु का जीवन परिचय के साथ- साथ वनस्पति विज्ञान की जानकारी दी गई।

# गोलीकांड के आरोपी को भेजा गया जेल



नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट पुलिस ने बिपिन सिंह को गोली मारने के आरोपी अम्बेराडीह गांव निवासी अभिषेक पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर पालकोट थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बसिया सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम ने बताया कि 29 नवंबर 2023 को पालकोट पुलिस को अंधेराडीह गांव में गोलीबारी की सूचना मिली। इस में एक किशोर विपिन सिंह को गोली लगने की सूचना मिली। ग्रामीणों के द्वारा उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। सूचना के आलोक में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया जिसने गुमला सदर अस्पताल जाकर पीड़ित किशोर विपिन सिंह का बयान लिया। पीड़ित बिपिन सिंह ने बताया कि गांव के ही अभिषेक पांडे ने जान मारने की नीयत से इसके ऊपर देसी कट्टा से फायर किया था। बयान दर्ज करने के बाद टीम ने अम्बेरा डीह गांव से आरोपी अभिषेक पांडे को हिरासत में लिया जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा जिसके अंदर खोखा फंसा हुआ था। इसके बाद आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### कुंडुख (उरांव) भाषा संरक्षण समन्वय समिति मुख्यमंत्री से मिला



**गुमला।** कुंडुख (उरांव)भाषा संरक्षण समन्वय समितिके अध्यक्ष सह कुडुख आदिवासी स्कूल मंगलो के एचएम अरविंद उरांव एवं सचिव संजीव भगत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक व मध्यविद्यालय में किए गए कुँडुख भाषा के पद सृजन को निरस्त कर प्रदेश के पांचवी अनुसूची क्षेत्र के सभी कोटि के विद्यालयों में आदिवासी भाषा कुडुख, खड़िया, मुंडारी हो और संथाली बच्चों के नामांकन के आधार पर पद सृजन करने का मांग किया। ज्ञापन में कहा गया है कि कुँडुख (उरांव) भाषा को विलुप्त करने में सादरी भाषा का मुख्य भूमिका रहा है। स्कूलों में आदिवासी बच्चों की संख्या अधिक होने के बाद भी स्कूलों के एचएम की गलती से नागपुरी भाषा का पद सृजन कर दिया गया है। यह कुडुख (उरांव) भाषा को प्रोत्साहन करने की जगह मिटाने की साजिश है। अरविंद उरांव ने बताया कि ज्ञापन सौंपने के बाद मुख्यमंत्री ने मुख्यसचिव से बात कर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, गुमला विधायक भूषण तिर्की, सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो सहित सुशील उरांव, मनोज कुमार भगत, ज्योति कुज्जुर, जितेश मिंज, नीतू साक्षी टोप्पो, पंकज उरांव, संजय कच्छप, जतरु उरांव, संतोष उरांव शामिल थे।

### बीडीओ ने केसीसी ऋण की ली जानकारी



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख पारसनाथ उरांव ने किया। बैठक में बीडीओ अरुण कुमार सिंह द्वारा बारी बारी से सभी बैंकों के मैनेजर से केसीसी ऋण का हाल जाना। उन्होंने कहा किसानों द्वारा केसीसी के लिये दिये आवेदन क्यों वापस भेज दिया जा रहा है। इस पर ग्रामीण बैंक के मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि वैसे आवेदनों को वापस किया गया है जो किसान पहले से ही केसीसी ऋण लेकर नही चुकाएं हैं। बीडीओ द्वारा कहा गया लौटाए गए आवेदन पर स्पष्ट रूप से लौटाने का कारण लिखे। क्योंकि अभी खेती बाड़ी करने का मौसम है, समय पर किसानों को ऋण नही मिलेगा तो वो कैसे खेती का कार्य करेंगे। वहीं बैठक में बैंक ऑफ इंडिया का कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नही होने को लेकर बीडीओ द्वारा शो कॉज करने के आदेश दिये। मौके पर उप प्रमुख बबीता तिर्की, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, जेसेलपीएस के बीपीओ मनोज, तिर्की, जहांगीर आलम, बैंक मैनेजर विवान सिंह, सुनील कुमार, मनीषा मिंज, शांतनु साहू समेत सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने गिरिडीह में दिखाया दमखम

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्तरीय चैंपियनशिप सह ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम गिरिडीह में किया गया। जिसमें लोहरदगा के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी भाग लिया एवं बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मिक्स डबल्स में काजल कुमारी व विनय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वूमेंस सिंगल्स में काजल कुमारी तीसरे स्थान प्राप्त कर लोहरदगा जिला का मान बढ़ाया। इसके बाद चयनित खिलाड़ी ईस्ट जॉन का टूनामेंट बिहार के गया में होना है, जिसमें बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और असम राज्य के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पैट्रोन संसद सुखदेव भगत, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलीस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला कोषागार पदाधिकारी सुनील कुमार, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व बिहार विधान परिषद प्रवीण कुमार सिंह, अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद सचिव मुरारी गोस्वामी,मलय दत्ता इत्यादि ने बधाई दिया।

### साधनसेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत डायट चीरी में जिला साधनसेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज संस्था के तकनीकी सहयोग से किया गया। डायट प्राचार्य अभिषेक बड़ाइक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सी 3 संस्था के प्रतिनिधि दीपक कुमार ने विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए 16 मॉड्यूल स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कौशल, बाल विवाह के ऊपर संक्षिप्त चर्चा करते हुए जिला साधनसेवी की इस कार्यक्रम में भूमिका को ले कर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण स्थल पर प्रथम पांच पहुंचने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। एनपीइपी के तहत विद्यालयों में पेन्टिंग प्रतियोगिता एवं कॉमिक प्रतियोगिता का आयोजन के सन्दर्भ में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। मौके पर डायट चीरी से प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा संकाय सदस्य, ललिता कुमारी, रविशंकर कुमार, महबूब आलम, विजय बैठा, श्याम बिहारी महतो, लिपिक प्रदीप कुमार एक्का और सी 3 के प्रतिनिधि दीपक कुमार शामिल थे।

### गुमला में 20 सूत्री अध्यक्ष ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**गुमला।** पालकोट प्रखंड क्रियान्वयन समिति के बीस सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा ने प्रखंड के तापकारा पंचायत व झिकिरीमा पंचायत के विधालयों व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तापकारा पंचायत के जेना गांव के आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। इसके बाद आरसी प्राथमिक विद्यालय जेना में विधालय बंद पाया गया। फिर नव सृजित लोधमा में विद्यार्थियों की उपस्थिति नगन्य थी। देलगांव आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ एक बच्चा था। जहां सेविका गायब थी। सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र चला रही थी। देवगांव आरसी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। वहीं फादर बिनोद बिमल से विद्यालय के बारे जानकारी लिया। इस पर फादर ने बताया कि हमारे विधालय में शौचालय की कमी व पेयजल के लिए बच्चे को जल की कमी है व विद्यालय में घेराबंदी नहीं है। इस पर बीस सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा ने कहा कि मैं अपने स्तर से सभी समस्या को निदान करने का भरपुर प्रयास करूंगा।

### अपराधियों के बढ़े गतिविधियों के विरोध में चैंबर ने एक दिवसीय गुमला बंद किया

**गुमला।** शहरी क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से बढ़ते चोरी, छिंतई एवं अपराधिक गतिविधियों को लेकर आज चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा एक दिवसीय गुमला बंद किया गया। चेंबर के आवाह्न पर बुलाए गए इस बंद से शहर की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठाने बंद रही । चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस प्रशासन से मांग कि शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की संख्या बढ़ाते हुए रात्रि गश्ती में भी तेजी लाई जाए ।इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त कराया जाए ।

संपादकीय

## सर्वोच्च न्यायालय की सराहनीय पहल

हिंदी भारत की संपर्क भाषा है और बाजार की भी भाषा है जिसमें विज्ञापन और व्यवसाय सफलतापूर्वक किया जा रहा है। 14 जुलाई को लखनऊ के राम मनोहर लोहिया लॉ कॉलेज के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का यह कहना बहुत ऐतिहासिक और सराहनीय है कि कानून की पढ़ाई हिंदी में भी होनी चाहिए। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि सबसे ज्यादा हिंदीभाषी जनसंख्या वाले राज्य की राजधानी में होने के कारण ही उन्होंने हिंदी के समर्थन की बात की। लंबे समय से न्यायपालिका में हिंदी समेत भारतीय भाषाओं में कामकाज किए जाने की मांग उठ रही है। अक्सर ऐसी मांगों पर न्यायपालिका विभिन्न कारणों से विचार नहीं कर पा रही थी। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश के हाईकोर्ट में हिंदी में अपील करने की छूट के बावजूद वहां नियुक्त होने वाले जज अक्सर हिंदी याचिकाओं की अंग्रेजी प्रति मांगते रहे हैं। या फिर कुछ हाईकोर्ट में ऐसी व्यवस्था है कि अंग्रेजी प्रति देनी ही होगी। इस वजह से हिंदी ही क्यों, अन्य भारतीय भाषाओं में भी न्याय मिलने का लक्ष्य लगातार पीछे छूटता रहा है। लेकिन अब लगता है कि न्यायपालिका भी इस दिशा में सक्रिय हो रही है। उसे इसका भान हो रहा है कि देसी भाषाओं में न्याय देने का समय आ गया है। न्यायपालिका की सोच में ऐसा बदलाव पहली बार नहीं दिख रहा है। न्यायमूर्ति नजीर ने 27 दिसंबर, 2021 को हैदराबाद के एक कार्यक्रम में कहा था कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया का अब भारतीयकरण होना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ इसी बात को अब ठोस ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। हिंदी या भारतीय भाषाओं के जरिये न्याय हासिल करने की राह में सबसे बड़ी बाधा संविधान के अनुच्छेद 348 की व्यवस्था है, जिसके अनुसार, अगर संसद कानून नहीं बनाती, तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजी में ही सुनवाई करेंगे। ऊपरी तौर पर देखें, तो लगता है कि अगर संसद चाहे, तो वह आसानी से ऐसे प्रावधान कर सकती है। वैधानिक नजरिये से यह राह आसान लगती है, लेकिन भारतीय, खासकर हिंदी के नजरिये से मौजूदा राजनीतिक हालात को देखें, तो यह बात इतनी आसान भी नहीं है। अगर संसद में बिना राजनीतिक सहमति के इस प्रावधान के संशोधन का प्रस्ताव आता है, तो राजनीतिक वितंडा खड़ा होने से कोई नहीं रोक सकता। जिस देश में अब भी कई राज्य हिंदी में स्टेशन और बस स्टैंड तक के नाम रखे जाने को क्षेत्रीय अस्मिता से जोड़कर देखते हों, जहां नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं की वकालत के पीछे कुछ राजनीतिक दलों को हिंदी के वर्चस्ववाद की गंध लगती हो, वहां उच्च न्यायपालिका में भारतीय भाषाएं आसानी से लागू हो जाएं, संभव नहीं है। आज जब सर्वोच्च न्यायालय 75वें वर्ष में लोक अदालतों के माध्यम से करोड़ों मुकदमों को सुलझाना चाहता है तो इस पवित्र उद्देश्य में सभी को एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

**हिंदी या भारतीय भाषाओं के जरिये न्याय हासिल करने की राह में सबसे बड़ी बाधा संविधान के अनुच्छेद 348 की व्यवस्था है, जिसके अनुसार, अगर संसद कानून नहीं बनाती, तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अंग्रेजी में ही सुनवाई करेंगे।**

# पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत से ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें




आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्टियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलंपिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे। शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि ह्यबेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ ह्न बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी। राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है। मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है।

आपकी बात

## राहुल गांधी की बिछाई बिसात में फंसी भाजपा



सनत जैन

समय किसी का नहीं होता है। समय अपनी गति से चलता है। समय की गति के साथ जो नहीं चल पाता है, वह नेपथ्य में चला जाता है। 2013 से भारतीय जनता पार्टी का समय शुरू हुआ था। भारतीय जनता पार्टी जो विसात बिछाती थी। कांग्रेस को उस विसात में खेलना पड़ता था। कांग्रेस जवाब देने में फंस जाती थी। कांग्रेस यह भी भूल गई थी, कि उसने 70 सालों में क्या काम किए हैं। आरोपों के चक्रव्यूह में फंसी कांग्रेस उस समय आरोपों के बचाव में लग गई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सपनों का ऐसा मायाजाल मतदाताओं के लिए बुना। मतदाताओं को लगा कि नरेंद्र मोदी आएंगे, उसके अच्छे दिन आ जाएंगे। महंगाई खत्म हो जाएगी। हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी। विदेश से काला धन आएगा। हर परिवार को 15 से 20 लाख रुपए मिल जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता का सबसे उच्चतम स्तर था। मतदाताओं के मन में यह विश्वास बैठा दिया गया था। 70 सालों में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया है। कांग्रेस नेताओं ने केवल भ्रष्टाचार किया है। कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बना दिया गया था। वे सारे आरोप अब भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ नजर आ रहे हैं। पिछले 10 वर्ष से केंद्र में भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के कई राज्यों में डबल इंजन की सरकारें हैं। जो आरोप उस समय भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर लगाए थे। किसी भी आरोपों को वह सिद्ध नहीं कर पाए। अदालत से भी 2जी घोटाले और कोयला घोटाले के आरोप प्रमाणित नहीं हुए। पिछले 5 वर्षों में विपक्षी दलों के नेताओं पर आरोप लगाकर जिस तरह ईडी और सीबीआई के माध्यम से दबाव बनाकर या तो उन्हें भारतीय जनता पार्टी में लाया गया या जेल भिजवा दिया गया। आरोपों की इस राजनीति को कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने समझा। आम जनता को भी जो सपने दिखाए गए थे। 10 साल में वह पूरे नहीं होने पर, आम जनता के सपने भी टूटने शुरू हो गए। मुसलमानों का जो डर और भय हिंदुओं में फैलाया गया था। महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते हुए टैक्स ने अब हिंदुओं को भी भाजपा से दूर करना शुरू कर दिया है। हिंदू मतदाता भी समझने लगा है। सत्ता में बने रहने के लिए उसको मोहरा बनाया जा रहा है। लोकसभा 2024 के चुनाव परिणाम के बाद से स्थितियां बदलीं। जिस राहुल गांधी को भाजपा और मीडिया ने पप्पू बनाया था, वही पप्पू अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सामने एक ऐसे योद्धा के रूप में खड़ा है, जिसका मुकाबला करना अब भाजपा के लिए आसान नहीं है। भाजपा जिस तरह की राजनीति करती थी। राहुल गांधी और कांग्रेस भी जिन अस्त्र और शस्त्र का प्रयोग बीजेपी, कांग्रेस और विपक्षी दलों के खिलाफ करती थी, उसे करना शुरू कर दिया है। विपक्ष ने अब भाजपा को उसी स्टाइल में घेरना शुरू कर दिया है।

देश की बात

## क्यों हो रहा रेल परिचालन फेल?



निर्मल रानी

गत 30 जुलाई को सुबह सुबह करीब पौने चार बजे एक और रेल हादसा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के तहत पेश आया। झारखंड के जमशेदपुर से 80 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां ज़िले में बंबू नामक स्थान पर मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो रेल यात्रियों की मौत हो गयी व 20 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। पूर्व में हो रहे अन्य रेल हादसों की ही तरह इस रेल दुर्घटना की भी जांच के आदेश दे दिए गये हैं। यह भी खबर है कि इसी दुर्घटनास्थल के पास में ही एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई थी। लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि क्या इन दोनों ट्रेंस की दुर्घटनाएं एक साथ हुई थीं या आगे पीछे। बुलेट ट्रेन की दुनिया में प्रवेश करने व विश्व की आधुनिकतम रेल सेवाओं का दावा करने वाली भारतीय रेल को गत 13 दिनों के भीतर ही 7 रेल दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से इस तरह से आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं। जाहिर है इस तरह की लगातार होने वाली दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार रेल संचालन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये किये जाने वाले जरूरी कदम उठा भी रही है अथवा नहीं? लगातार हो रहे इतने हादसों के बाद रेल यात्रियों में भारतीय रेल व्यवस्था के प्रति असुरक्षा व अनिश्चितता का भाव पैदा होना भी स्वाभाविक है। झारखंड में गत मंगलवार की अलस सुबह हुये मुंबई-हावड़ा मेल के हादसे से एक ही दिन पहले 29 जुलाई को समस्तीपुर-मुज़फ़्फ़रपुर रेलखंड पर दरभंगा से दिल्ली जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन, कपलिंग टूटने के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी। इस रूट पर आ रही अन्य ट्रेन्स को तत्काल रोकने का आदेश दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। उससे पहले 21 जुलाई को दो ट्रेन हादसे हुये। पहला ट्रेन हादसा राजस्थान के अलवर में हुआ जहां यार्ड से निकली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गये। इसके कारण अलवर मथुरा ट्रैक बाधित हुआ। दूसरा हादसा 21 जुलाई को ही पश्चिम बंगाल के रानाघाट में हुआ। यहाँ भी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। इस हादसे के कारण भी इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। इन हादसों से रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी के अलावा रेल मंत्रालय की अनेक नीतियों के चलते भी इन दिनों रेल यात्रा करना बेहद मुश्किल हो गया है।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## घातक लापरवाही की भेंट चढ़ते होनहार युवा



मनोज कुमार अग्रवाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुन कर आईएएस, आईपीएस बनकर देश को चलाने वाले सिस्टम का अंग बनने का सपना संजोकर अपने घर परिवार शहर से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर कोचिंग करने आए तीन युवाओं को कोचिंग संस्थानों की अधिकाधिक कमाई करने और प्रशासन की घातक लापरवाही के कारण असमय अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे से समूचे देश में विशेष कर छात्रों में आक्रोश और नाराजगी है, क्योंकि यह हादसा बहुत ह्रदय विदारक व तीन परिवारों को उनके चिरागों को बुझा कर जीवन भर के लिए ऐसे दुख में धकेलने वाला है जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती है। शर्मसार करने वाली बात है कि राजधानी दिल्ली के बीचोंबीच जहां कानून व्यवस्था की गारंटी मानी जाती है वहीं इतनी लापरवाही कि कभी अग्निकांड में, कभी करंट से, कभी सीवर के खुले ढक्कन से गिरने से तो अब बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से देश के होनहार युवाओं को जान गंवानी पड़ती है। बेशक हम विकास के बड़े बड़े दावे करें, विदेशी राजनेताओं को दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर फर्जी सजावट और दिखावा करें लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार से लबरेज सरकारी मशीनरी और लालची कार्पोरेट और बंदरबांट कर रहे राजनीतिक दबंगों के बीच तिरोहित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थान का हादसा भी इसी का एक उदाहरण है। विगत 27 जुलाई शनिवार की शाम दिल्ली के राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर में लाइब्रेरी में अचानक भारी मात्रा में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में 2 छात्राएं और एक छात्र शामिल है। मृतक छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी, वहीं तान्या सोनी तेलंगाना की रहने वाली थी। मृतक छात्र की पहचान केरल के एनार्कुलम निवासी नवीन दल्विन के रुप में हुई है। इस हादसे के बाद एक तरफ जहां राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, तो दूसरी तरफ दोषारोपण का खेल भी। कुछ राजनेता कोचिंग संस्थान को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ दिल्ली सरकार को दोषी मान रहे हैं। हकीकत यह है कि अधिक कमाई के लालच में कोचिंग संस्थान के संचालक बहुत तंग जगहों पर बड़ी संख्या में बच्चों को एडमिशन देकर कोचिंग सेंटर चलाते हैं उनमे से अधिकांश के पास फायर व दूसरे सरकारी विभागों की एनओसी तक नहीं होती है।



बोधि वृक्ष

**हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।**

## 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**शिव पुराण :** इस पुराण में भगवान शंकर के अवतार और उनकी महिमा के बारे में बताया गया है। शिव पुराण में भगवान शिव-शंकर के विविध रूपों, ज्योतिर्लिंगों और अवतारों के बारे में उल्लेख मिलता है।

**भागवत पुराण :** भागवत पुराण में भगवान श्रीहरि विष्णु के सभी अवतारों की संपूर्ण कथाओं का वर्णन मिलता है। इस पुराण में भक्ति योग के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया है।

**नारद पुराण :** आपको बता दें कि नारद पुराण को महापुराण भी कहा जाता है। क्योंकि नारद पुराण में सभी 18 पुराणों का सार दिया गया है। इस पुराण में कल्प, शिक्षा, ज्योतिष और व्याकरण आदि का वर्णन किया गया है।

**मार्कण्डेय पुराण :** इस पुराण को प्राचीनतम पुराण माना जाता है। इस पुराण में सभी वैदिक देवताओं इंद्र, अग्नि व सूर्य सहित अन्य के बारे में बताया गया है। इसके अलावा इस पुराण में श्रीकृष्ण से जुड़ी लीलाओं का भी उल्लेख मिलता है। **(क्रमशः)**

संकल्प शक्ति

## सर्कैडियन रिदम को समझ बनें ऊजार्वान

ऊजार्वान बने रहने के साथ-साथ वजन घटाने के लिए टहलना मजेदार और सुलभ तरीका है। बस आप अपने अंदर के घड़ी की आवाज को सुनिए और उसी अनुसार से चलिए। टहलते समय आप जो भी कदम उठाते हैं, उससे न केवल कैलोरी बर्न होती है, बल्कि आपका मूड भी अच्छा होता है। चाहे सुबह की तेज सैर हो या शाम की आरामदायक सैर, हर हरकत मायने रखती है। टहलने की खूबसूरती और सहजता इसकी सादगी में निहित है-आप आज से ही शुरूआत कर सकते हैं, इसके लिए किसी खास उपकरण की जरूरत नहीं है। अधिक सोचिए नहीं बस , अपने जूते बांधें और बाहर निकलें । हर कदम आपको ऊजार्वान बनाए रखते हुए आपके वजन घटाने के लक्ष्य के करीब ले जाएगा। जब टहलने के जरिए अपने वजन घटाने के लक्ष्य को हासिल करने की बात आती है तो आपको मनाना होगा कि सुबह या शाम को टहलना अत्यंत फायदेमंद है। दोनों ही समय के अपने-अपने अनूठे फायदे हैं और वजन घटाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छा विकल्प आपकी व्यक्तिगत प्राथमिकता, जीवनशैली और व्यायाम के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। सुबह टहलने से आपका मेटाबॉलिज्म शुरू होता है और आपकी आंतरिक घड़ी नियंत्रित होती है। सुबह टहलने से दिन की एक नई शुरूआत होती है, एक सकारात्मक स्वर सेट होता है और शुरूआत से ही आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। दिन की शुरूआत तेज गति से चलने से ह्रदय गति बढ़ सकती है और आ पका मेटाबॉलिज्म शुरू हो सकता है, जिसका मतलब है कि आप पूरे दिन तेज गति से कैलोरी बर्न करते रहेंगे। यह शुरूआती बढ़ावा न केवल कैलोरी बर्न करने में मदद करता है बल्कि आपके मूड और ऊर्जा के स्तर को भी बेहतर बनाता है, जिससे आपका दिन उत्पादक बनता है। **-डॉ. आरबी चौधरी**





स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# वायनाड के जमींदोज गांवों में सेना ने मोर्चा संभाला




*नई दिल्ली।* केरल के वायनाड में भूस्खलन के दूसरे दिन बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों में तीनों सेनाओं ने पूरी तरह से मोर्चा संभाल लिया है। भूस्खलन से जमींदोज हुए गांवों में सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को लगातार भेजा जा रहा है, ताकि प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाई जा सके। सेना ने मानव निर्मित पुल और मानवीय प्रयासों का उपयोग करके अब तक एक हजार नागरिकों को बचाया है। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने भी अभियान चलाकर जमीन की संकरी पट्टी में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट किया है। नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने भी वायनाड में चिकित्सा दल और आपदा राहत टीम भेजी हैं। सेना की दक्षिणी कमान ने बताया कि एनडीआरएफ, राज्य बचाव दल, तटरक्षक, भारतीय नौसेना और वायु सेना के साथ भारतीय सेना की टुकड़ियां संकट से निपटने के लिए लगातार काम कर रही हैं। सेना की टुकड़ियों ने अब तक लगभग 70 शव बरामद किए हैं। वायनाड में बचाव अभियान के लिए 23 मराठा रेजिमेंट के 130 सैनिक बचाव प्रयासों में सहायता के लिए त्रिवेंद्रम से वायनाड पहुंच गए हैं। इसके अलावा दिल्ली से ब्रिजिंग परिसंपत्तियां, तीन खोजी कुत्तों के साथ भारतीय वायु सेना के परिवहन विमान सी-130 के जरिये हवाई मार्ग से कन्नूर पहुंच गई हैं। जल्द ही वायनाड के लिए सड़क मार्ग से आवाजाही शुरू करने के लिए नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है।



## 23 को ही संभावित भूस्खलन और मौतों के बारे में चेतावनी दी गई थी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि केरल सरकार को घटना से एक सप्ताह पहले 23 जुलाई को ही संभावित भूस्खलन और मौतों के बारे में चेतावनी दी गई थी। शून्यकाल और प्रश्नकाल के बाद, राज्यसभा ने वायनाड भूस्खलन पर सार्वजनिक महत्व के मामले के रूप में चर्चा करने के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य में भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद केंद्र ने एनडीआरएफ की नौ टीमें केरल भेजी थीं। विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के अर्ली वर्निंग सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार ने 23 जुलाई को केरल सरकार को अर्ली वर्निंग दे दी थी। इसके बाद 24, 25 और फिर 26 जुलाई को कहा गया कि 20 सेमी से अधिक वर्षा होगी। भारी बारिश के साथ ही भूस्खलन की संभावना है। मिट्टी भी बह कर आ सकती है। लोग इसके अंदर दबकर मर भी सकते हैं। शाह ने कहा कि केरल को जो अर्ली वार्निंग भेजी गई थी विपक्ष को उसे पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में कई राज्य सरकारें ऐसी हैं जिन्होंने इस प्रकार की अर्ली वार्निंग का पालन करके जीरो कॅज्युलिटी आपदा प्रबंधन किया है। ओडिशा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उस समय वहां नवीन पटनायक की सरकार थी। गुजरात में साइक्लोन की चेतावनी के बाद वहां कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भारत का अर्ली वार्निंग सिस्टम दुनिया का सबसे बेहतर है। हम सात दिन पहले सभी राज्यों को अनुमान भेजते हैं। इसका आंकड़ा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## राहुल ने की सरकार से हाईटेक कदम उठाने की मांग



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो कि वायनाड से सांसद भी रह चुके हैं, उन्होंने केरल में लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सरकार से हाईटेक कदम उठाने की मांग की।

## वोट बैंक की राजनीति के कारण नहीं हटा वायनाड से अतिक्रमण : सूर्या



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने केरल में अवैध अतिक्रमण को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि वर्ष 2020 में केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने वायनाड के लैंडस्लाइड प्रोन एरिया से 4 हजार परिवारों को हटाने का सुझाव दिया था। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल सरकार के एक मंत्री ने विधानसभा में यह स्वीकार किया था कि सरकार उस अवैध अतिकम्रण को इसलिए नहीं हटा पा रही है क्योंकि धार्मिक समूह का दबाव है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के जिस सांसद थॉमस ने इस मुद्दे को उठाया था, कांग्रेस ने उसे दोबारा लोकसभा चुनाव का टिकट ही नहीं दिया। वोट बैंक की राजनीति के कारण ही वायनाड और उसके आसपास के इलाकों से अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं और आज केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृषभ** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी।

**मिथुन** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

## हमारी सरकार ने आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले : सीएम

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते को खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई, तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार थी। वहीं, 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गए। 2018 में जब ये बात हमारे संज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें।

## ईएसआईसी ने पिछले दो महीने में 1221 चिकित्सक किए नियुक्त

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने पिछले दो महीने में 1,221 चिकित्सक (डॉक्टर) नियुक्त किए हैं। इनमें 860 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ), 330 सहायक प्रोफेसर और 31 विशेषज्ञों की नियुक्ति शामिल है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि ईएसआईसी ने बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पिछले दो माह में 1,221 चिकित्सक (डॉक्टर) नियुक्त किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर में 1,930 पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने परीक्षा आयोजित की है।

## देश के 33 में से 19 कौशल प्रशिक्षण संस्थान महिलाओं के लिए : जयंत चौधरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के 33 में से 19 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) विशेष रूप से महिलाओं के लिए हैं। ये महिला एनएसटीआई शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के तहत 19 पाठ्यक्रमों के साथ-साथ शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत 23 पाठ्यक्रम प्रदान करती हैं। यह जानकारी कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। जयंत चौधरी ने यह भी बताया कि महिला एनएसटीआई सीटीएस और सीआईटीएस दोनों में महिला प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, आर्किटेक्चरल ड्राफ्ट्समैन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन, डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर आदि जैसे ट्रेडों में पाठ्यक्रम भी प्रदान करती है।

## आरएसएस राष्ट्र सेवा में लगा संगठन : राज्यसभा सभापति

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशसेवा में कार्य करने वाला संगठन बताया और कहा कि ऐसे संगठन के खिलाफ बोलना संविधान की आलोचना करने के समान है। संगठन को भारतीय संविधान के तहत अपना कार्य करने का अधिकार मिला है। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन की आरएसएस पर की गई टिप्पणी पर सभापति ने आपत्ति जताते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वे पहले ही आरएसएस के बारे में कह चुके हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून में घटकर चार फीसदी रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका देने वाली खबर है। देश के प्रमुख बुनियादी उद्योगों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन की वृद्धि दर नरम पड़कर 4 फीसदी रह गई है। इससे पिछले महीने मई में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 6.3 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का प्रोडक्शन घटने से जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन दर नरम पड़कर 4 फीसदी रही है।



मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.3 फीसदी बढ़ा था, जबकि जून, 2023 में इसकी वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक जून में कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के प्रोडक्शन में क्रमशः 2.6 फीसदी और 1.5 फीसदी की गिरावट आई है। इस दौरान प्राकृतिक गैस, उर्वरक, इस्पात और सीमेंट के उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 3.3 फीसदी, 2.4 फीसदी, 2.7 फीसदी और 1.9 फीसदी तक सीमित रह गई। हालांकि, जून महीने में कोयला और बिजली के उत्पादन में क्रमशः 14.8 फीसदी और 7.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में इन आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 5.7 फीसदी बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह छह फीसदी

## दिल्ली के डॉक्टरों ने ई-सीपीआर तकनीक से बच्ची को दिया जीवनदान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम ने अत्याधुनिक ई-सीपीआर (एक्स्ट्राकोर्पोरियल कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का उपयोग कर 11 वर्षीय एक लड़की को जीवनदान दिया। लड़की को सीने में तेज दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल लाया गया। जिसे दो अलग-अलग आपातकालीन कक्षों में पेट की समस्या बताकर दवा दे दी गई। मरीज को हर बार पाचन संबंधी समस्या की दवा देकर जाने को कहा गया। मगर उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। अस्पताल में भर्ती होने के बाद शुरू में उसकी हालत स्थिर लग रही थी, लेकिन इकोकार्डियोग्राम और हृदय जांच से पता चला।

## निवेशकों को 1.81 लाख करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

*सेंसेक्स पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद*

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स आज पहली बार 81,700 अंक के ऊपर और निफ्टी 24,950 अंक के ऊपर बंद हुए। आज सुबह बाजार मामूली तेजी के साथ खुला था। पूरे दिन के कारोबार के दौरान लिवालों और बिकवालों के बीच की खींचतान जारी रहने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान हेल्थ केयर, पावर, फार्मास्यूटिकल और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही यूटिलिटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और ऑटोमोबाइल इंडेक्स में भी बढ़त बनी रही। दूसरी ओर रियल्टी और पीएसयू बैंक सेक्टर में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉल कैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

## रियलमी 13 प्रो 5 जी में भरपूर स्टोरेज कैपेसिटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मार्टफोन का इस्तेमाल पहले से काफी बदल गया है। पहले हमें सोच-समझकर फोटो चुनने पड़ते थे, लेकिन अब हम बड़े-बड़े ऐप्स आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। यह बदलाव हमारे डिजिटल जीवन के तेजी से विकास को दिखाता है। स्मार्टफोन की स्टोरेज भी बढ़कर मेगाबाइट्स से गिगाबाइट्स और अब टेराबाइट्स तक पहुंच गई है। यह बदलाव सोशल मीडिया, गेमिंग और यहां तक कि प्राइमरी कंप्यूटिंग डिवाइस के रूप में स्मार्टफोन पर हमारी निर्भरता पर आधारित है, जो जरूरी स्टोरेज कैपेसिटी की मांग करते हैं। आज के स्मार्टफोन यूजर्स स्टोरेज लिमिट के बारे में चिंता किए बिना क्रिएट, डाउनलोड करने और एक्सप्लोर करने पर ध्यान देते हैं। वे बेहतरीन डिजिटल एक्सपीरियंस चाहते हैं। रियलमी समझता है कि लोगों को ज्यादा स्टोरेज की जरूरत है, इसलिए उसने अपने नए फोन में ज्यादा स्टोरेज देने का फैसला किया है। उसके नए 13 प्रो सीरीज 5जी फोन में कम से कम 512 जीबी स्टोरेज होगी, ताकि लोगों को अपने फोन में ज्यादा चीजें स्टोर करने में परेशानी न हो।

## भारत आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष चुना गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ये परिषद इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता तथा समृद्धि में योगदान देना है। आईपीईएफ में सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। भारत और आईपीईएफ के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। ये समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ। मंत्रालय के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला परिषद (एससीसी), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (सीआरएन) और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (एलआरएबी) की उद्घाटन आभासी बैठकों ने क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को मजबूत करने के लिए भागीदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है।

# लक्ष्य सेन ने तीसरी सीड जोनाथन क्रिस्टी को चौंकाया, अंतिम-16 में पहुंचे



एजेंसी

**पेरिस।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने अंतिम ग्रुप एल पुरुष एकल मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया और अंतिम 16 में पहुंच गए। खराब शुरुआत के बावजूद, जिसमें भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में 2-8 से पिछड़ रहा था, सेन ने गेम को पलटने के लिए गहरी कोशिश की और वापसी करते हुए स्कोर 10- ऑ ल से बराबर कर दिया। उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में दोनों शटलर 18-18 से बराबरी पर थे, लेकिन सेन ने आगे बढ़कर पहले गेम में 21-18 से जीत हासिल कर ली। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक खेल शैली जारी रखी और दुनिया के चौथे नंबर के शटलर द्वारा खेल में वापस आने के किसी भी प्रयास का शानदार ढंग से बचाव किया और दूसरे गेम में 21-12 से जीत के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में लक्ष्य का स्थान पक्का कर दिया, जहां उनका सामना हमवतन एच.एस प्रणय से हो सकता है, अगर प्रणय बाद में दिन में वियतनामी शटलर ले डक फाट के खिलाफ मैच जीत जाते हैं। महिला एकल वर्ग में भारत की पदक उम्मीद, पीवी सिंधु सेन के मैच से पहले एक्शन में थीं, जहां उन्होंने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को आसानी से 21-5, 21-10 से हराया और ग्रुप एम में शीर्ष पर रहकर 16वें राउंड में जगह बनाई।

## सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया

### प्री-क्वार्टर में जगह पक्की की

एजेंसी



**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 2024 पेरिस खेलों में बुधवार को महिला एकल ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा को 21-5, 21-10 से हराया। सिंधु ने केवल 34 मिनट में जीत हासिल कर ली और दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम 16 चरण में आगे बढ़ गईं। अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था। सिंधु, जो अपना लगातार तीसरा ओलंपिक खेल रही हैं, ग्रीष्मकालीन खेलों से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था।

> अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था।

## दीपिका कुमारी महिलाओं की व्यक्तिगत तीरंदाजी में राउंड ऑफ 32 में पहुंचीं



**पेरिस।** टीम प्रतियोगिता की निराशा को दूर करते हुए भारत की दीपिका कुमारी मंगलवार को यहां इनवैलिड्स एरेना में महिलाओं की व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा में एस्टोनिया की रीना परनाट को 6-5 से हराकर राउंड ऑफ 32 में पहुंच गईं। दीपिका अपनी निरंतरता से अच्छी दिखीं और रीना के खिलाफ पहला सेट 29-28 से जीत लिया। लेकिन जल्द ही एस्टोनियाई ने वापसी की और दूसरे सेट (27-26) में जीत के साथ बराबरी कर ली। हालाँकि, दीपिका ने जल्द ही 6-5 से जीत (29-28, 26-27, 27-27, 24-27, 30-27, 9-8 एसओ) के साथ मैच बंद कर दिया।

## श्रीजा टेबल टेनिस महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में मनिका के साथ शामिल हुईं

एजेंसी

**पेरिस।** भारत की श्रीजा अकुला ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिला एकल राउंड 32 टेबल टेनिस मैच में सिंगापुर की पैडलर ज़ेंग जियान को हराया और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन मनिका बत्रा के साथ शामिल हो गईं। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली एकल खिलाड़ी श्रीजा ने बुधवार को साउथ पेरिस एरेना में 51 मिनट में 4-2 (9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10) से जीत दर्ज की। श्रीजा ओलंपिक में राउंड 16 में जगह बनाने वाली केवल दूसरी भारतीय टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बनीं। 12:30 बजे (गुरुवार) होने वाले राउंड ऑफ 16 मैच में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंग्शा से होगा। अपना 26वां जन्मदिन मना रही भारतीय पैडलर शुरुआती गेम हार गई लेकिन उसने तुरंत खुद को फिर से संगठित किया और अगले तीन गेम अपने नाम कर लिए। जहां ज़ेंग ने वापसी करते हुए पांचवां गेम जीत लिया, वहीं अकुला ने छठे गेम में मैच अपने नाम करने के लिए साहस बनाए रखा।



## सीन नदी के गुणवत्ता परीक्षण पास करने के बाद ट्रायथलॉन प्रतियोगिताएं आगे बढ़ेंगी

एजेंसी

**पेरिस।** ओलंपिक महिला और पुरुष ट्रायथलॉन स्पर्धाएं बुधवार को होंगी, क्योंकि हाल के परीक्षणों से पता चला है कि सीन नदी प्रतिस्पर्धा के लिए काफी साफ है। पुरुषों का कार्यक्रम मंगलवार सुबह होने वाला था, लेकिन सीन के पानी की गुणवत्ता के कारण, ट्रायथलीटों को सूचित किया गया कि कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। पेरिस 2024 के आयोजकों और वर्ल्ड ट्रायथलॉन ने कहा, "तड़के 3.20 बजे प्राप्त नवीनतम जल विश्लेषण के परिणामों को वर्ल्ड ट्रायथलॉन द्वारा अनुपालन के रूप में मूल्यांकन किया गया है, जिससे ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं को आयोजित करने की अनुमति मिलती है। महिला ओलंपिक ट्रायथलॉन कार्यक्रम योजना के अनुसार सुबह 8 बजे (सीईटी) शुरू होगा। प्रारंभ में उसी समय मंगलवार के लिए निर्धारित किया गया था, पुरुषों का कार्यक्रम उसके बाद सुबह 10:45 बजे (सीईटी) शुरू होगा। मंगलवार को पुरुषों के कार्यक्रम को स्थगित करने से पहले, रविवार और सोमवार को प्रशिक्षण रद्द करना पड़ा क्योंकि पिछले शुक्रवार और शनिवार को उद्घाटन समारोह के दौरान भारी बारिश के कारण सीन नदी गंदी हो गई थी।



## बलराज पंवार पुरुष एकल स्कल्स सी/डी सेमीफाइनल में छठे स्थान पर रहे

**वैरेस-सुर-मार्ने।** भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मौजूदा पेरिस ओलंपिक में वैरेस-सुर-मार्ने नॉटिकल स्टेडियम में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठे स्थान पर रहे। छठे स्थान पर रहने के कारण पंवार अंतिम डी में पहुंच गए, जो कि उनकी रैंकिंग को 19वें से 24वें स्थान तक सुनिश्चित करने के लिए एक वर्गीकरण कार्यक्रम है, और शुक्रवार को होगा। पहली हीट में चौथे और दूसरे रेपेचेज राउंड में दूसरे स्थान पर रहने के बाद खेलों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन क्वार्टर फाइनल में 7:05.10 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहने के बाद वह पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

# मैंने अपनी टीम से कहा था कि मैं इस तरह के बहुत सारे मैच देख चुका हूं : सूर्यकुमार

एजेंसी

**पल्लेकेले।** भारत और श्रीलंका के बीच हुए तीसरे टी20 के दौरान एक समय पर श्रीलंका को 30 गेंदों में सिर्फ़ 30 रनों की ज़रूरत थी। इसके बावजूद भारतीय टीम श्रीलंका को हराने में सफल रही। टी20 विश्व कप के फ़ाइनल की तरह ही भारत की इस जीत में भी सूर्यकुमार यादव ने फिर से एक अदभुत कारनामा किया। हालांकि इस बार सूर्या ने बल्लेबाज़ी या क्षेत्ररक्षण में नहीं बल्कि गेंद के साथ अपना करतब दिखाया। आख़िरी ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए सिर्फ़ छह रनों की ज़रूरत थी और सूर्या ने गेंदबाज़ी की जिम्मेदारी लेते हुए, दो विकेट झटके और सिर्फ़ पांच ही रन दिए, जिससे मैच सुपर ओवर में पहुंच गया। इस टी20 सीरीज़ में श्रीलंका की बल्लेबाज़ी काफ़ी लचर रही है। जहां उनकी शुरुआत तो काफ़ी दमदार रहती है लेकिन वह अचानक से गुच्छों में विकेट गंवा देते हैं। पहले टी20 में उन्होंने सिर्फ़ 30 रनों के भीतर ने अपने नौ विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद वाले मैच में उन्होंने 31 रनों के भीतर सात विकेट और अंतिम मैच में उन्होंने 22 रनों के भीतर सात विकेट गंवा दिए। पहले दो मैचों की तुलना में तीसरे टी20 का माज़रा तो बिल्कुल ही अलग था। पहले दो मैचों में भारत के मुख्य गेंदबाज़ों ने विकेट निकाले थे लेकिन तीसरे टी20 में सूर्या और रिंकू सिंह ने चार विकेट निकाल दिए। रिंकू ने अपने पूरे टी20 करियर में सिर्फ़ 60 गेंदें फेंकी हैं और सूर्या ने पिछले पांच साल में घरेलू क्रिकेट और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ़ दो बार गेंदबाज़ी की है। मैच जीतने के बाद सूर्या ने कहा, "मैच के अंतिम दो ओवरों से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण यह है था कि 30 के स्कोर पर चार और 48 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया और खेल को विपक्षी टीम की पहुंच से दूर ले गए।

## टी20 में कोहली, बाबर के बाद सूर्या के नाम ये बड़ा रिकॉर्ड

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें क्रिकेट के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम पांच प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड है, जबकि उनके आगे पूर्व कप्तान विराट कोहली हैं, जिनके नाम छह अवॉर्ड है। सूर्यकुमार की उपलब्धि उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर की बराबरी पर पहुंचाती है। अपने नाम 71 टी20 के साथ, उन्होंने 42.67 की प्रभावशाली औसत से 2432 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 सीरीज में सूर्या ने अपने नेतृत्व कौशल को प्रदर्शित किया, जहां उन्होंने सीरीज 3-0 से जीती और दो विकेट लेने के अलावा कुल 92 रन बनाए। मंगलवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया फाइनल मैच रोमांचक रहा, जिसमें भारत ने सुपर ओवर में मैच जीतने के लिए काफी मशक्कत की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में जीत के लिए 138 रनों का टारगेट दिया था। भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया।



## मुझे पता ही नहीं था कि मैं सुपर ओवर में गेंदबाज़ी करूंगा : वॉशिंगटन



**पल्लेकेले।** तीसरे टी20 में श्रीलंका को जीत के लिए आख़िरी 12 गेंदों में सिर्फ़ नौ रनों की ज़रूरत थी। भारत के पास गेंदबाज़ी के लिए मोहम्मद सिराज का विकल्प मौजूद था, जिन्होंने अपने स्पेल के पहले तीन ओवरों में सिर्फ़ 11 रन दिए थे। इसके अलावा भारत के पास 20वें ओवर के लिए खलील अहमद का भी विकल्प मौजूद था। उस वक्त कुसल परेरा मैदान पर मौजूद थे और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अचानक से गेंद रिंकू सिंह को थमा दी। इससे पहले रिंकू ने कभी भी टी20 में गेंदबाज़ी नहीं की थी। हालांकि सूर्या की यह रणनीति काम कर गई।

# यूएई में वनडे सीरीज के लिए द.अफ्रीका की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** अफगानिस्तान 18 से 22 सितंबर तक यूएई में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। ये वनडे सीरीज दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज है, जिसके तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 और 2023 में पिछले दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान वनडे क्रिकेट में दो मौकों पर अफगानिस्तान का सामना किया है। ये सीरीज पिछले महीने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका द्वारा अफगानिस्तान को हराने के बाद से उनका पहला मुकाबला होगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के चेयरमैन लॉसन नायडू ने बुधवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ जारी एक संयुक्त बयान में कहा, "हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक वनडे सीरीज को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और हाल ही में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में अपने हालिया प्रदर्शन से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी ऑलराउंड टीम बन गई है। यह हमारे क्रिकेट संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण पल होगा।



### ऐसा होगा शेड्यूल

- **बुधवार, 18 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई
- **शुक्रवार, 20 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई
- **रविवार, 22 सितंबर:** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम, यूएई

## स्वप्निल कुसाले ने पुरुष राइफल 50 मी 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी

**चेटौरौक्स।** भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुषों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुसाले ने 60-शॉट क्वालीफाइंग राउंड में 38 इनर 10 सहित कुल 590 अंक बनाए। उन्होंने घुटने टेककर 99 के दो प्रभावशाली स्कोर के साथ शुरुआत की और एक ठोस आधार तैयार किया। उन्होंने प्रोन पोजीशन में अपना फॉर्म बरकरार रखा और 98 और 99 का स्कोर किया। फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में थोड़ी गिरावट के बावजूद, जहां उन्होंने 98 और 97 का स्कोर पोस्ट किया, कुसाले की कुल संख्या फाइनल में उनकी जगह पक्की करने के लिए पर्याप्त थी। दूसरी ओर, साथी भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। तोमर ने क्वालिफिकेशन राउंड को 589 अंकों (33 इनर 10 के साथ) के साथ 11वें स्थान पर समाप्त किया। स्टैंडिंग पोजीशन में चुनौतीपूर्ण पहली सीरीज़ तक तोमर शीर्ष-आठ में जगह बनाने की दौड़ में थे, जहाँ उन्होंने 95 का स्कोर किया, अंततः उनकी संभावनाएँ पटरी से उतर गईं। क्वालिफिकेशन राउंड में चीन के लियू युकुन का दबदबा रहा, जिन्होंने 594 के प्रभावशाली स्कोर के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में, उनके हमवतन डु लिंशु, जिनके पास विश्व क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड है।



## महिलाओं के तीसरे राउंड के साथ सर्फिंग स्पर्धाएं फिर से शुरू होने की संभावना

**ताहिती।** पेरिस ओलंपिक में सर्फिंग स्पर्धाएं, जिन्हें मंगलवार को स्थगित कर दिया गया था, बुधवार को दोपहर 12:00 बजे जीएमटी (5:30 बजे भारतीय समयानुसार) पर महिलाओं के राउंड 3 के साथ फिर से शुरू होने की संभावना है। आयोजकों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इवेंट होगा या नहीं, इस पर अगली कॉल बुधवार को 10:15 जीएमटी (3:45 बजे भारतीय समयानुसार) पर आएगी। "इस बुधवार, 31 जुलाई को दोपहर में ताहिती में (फ्रांसीसी आधी रात) 8वें फाइनल महिलाओं के साथ प्रतियोगिता की बहाली संभव है। निर्णय बुधवार सुबह (जीएमटी) ताहिती में (पेरिस में शाम) को किया जाएगा। फ्रेंच सर्फिंग फेडरेशन ने एक बयान में कहा, "सोमवार दोपहर को आई तेज लहर से पूरे दिन 30मी50 से अधिक की लहरें उत्पन्न होने की उम्मीद है, जबकि सुबह की तटवर्ती हवा दोपहर के आसपास दक्षिण-पूर्व (पार तट) क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है।

### मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर अधिकारियों संग की बैठक

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण तीस अगस्त से

## मुख्यमंत्री ने दिए कई और अहम निर्देश

- झारखंड अल्पसंख्यक एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण योजना, पोशाक योजना और सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की पहल करें।
- सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर वन पट्टा वितरण में गति लाएं। सभी जिलों में वन पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हो।
- अबुआ आवास योजना के तहत आवास का मॉडल डिजाइन तैयार करें। इसी डिजाइन के सभी आवास का निर्माण कराया जाए। अबुआ आवास में खपड़ा एवं टाइल्स का इस्तेमाल किया जाए।
- सरकार की जिन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवेदन मिले हैं , उन सभी की स्कुटनी कर प्रतीक्षा सूची तैयार करें, ताकि बाद में प्राथमिकता के आधार पर उसे योजना का लाभ मिल सके।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना और अबुआ आवास योजना सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जरिये संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायतें सामने आती रहती है। ऐसे में पूरी योजना और तैयारी के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि सहूलियत के साथ इसका लाभ राज्य की जनता को मिल सके। राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर -2024 तक आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण चलेगा। इस चरण में राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर एक बार फिर दिया जाएगा। ऐसे में इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाय। उन्होंने दूसरे चरण की आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन की पूरी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है, उसका निष्पादन यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।



### जेपीएससी और जेएसएससी द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस सिलसिले में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रियाएं चल रही है। मुख्यमंत्री ने इस बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित नियुक्ति प्रक्रियाओं को जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अहम निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव प्रवीण टोप्पो सचिव प्रशांत कुमार, सचिव मनोज कुमार एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बक्सी उपस्थित थे।


### विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना दें लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गरीब बच्चे पैसे की तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित ना रहें, इसपर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है । लेकिन, इस योजना को लेकर विद्यार्थियों में जानकारी का अभाव है । जिस वजह से वे इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में विशेष अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने की पहल हो।

### हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही फिर स्थगित

# सीएम से अनुबंधकर्मी समेत तमाम विषयों सदन में बोलने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अनुबंध कर्मी समेत तमाम विषयों पर बुधवार को ही सदन में बोलना चाहिए। पांचवें विधानसभा के आखिरी सत्र के अंतिम दिन यदि मुख्यमंत्री बोलेंगे और चले जायेंगे तो जनता के जवाब का प्रति उत्तर देने का कोई कार्य संचालन नियामवली हमारे पास नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री आज ही बोलें। उनकी मांग का समर्थन करते हुए भाजपा के विधायक वेल में आ गये। भाजपा के विधायक सदन के अंदर एक पोस्टर लेकर आये। इस पोस्टर में सरकार द्वारा किये गये वादों का जिक्र था। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर इस पोस्टर




को मार्शल वापस लेने का प्रयास करते रहे। भाजपा विधायकों द्वारा सदन में पोस्टर लाने के विरोध में सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में आ गये। दोनों दलों के विधायक सदन में जोरदार हंगामा करने लगे। सदन में हेमंत सोरेन हाय-हाय के नारे लगे। चौथे दिन के कार्यवाही के दौरान रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपलोगों की व्याकुलता को मैं समझ रहा हूं लेकिन विधानसभा पटल को इस व्याकुलता का अंग बनने नहीं देंगे। मैं इस चीज को मान गया हूं कि विपक्ष के लोग सदन चलने देना नहीं चाहते हैं। सरकार का उत्तर भी सुनना नहीं चाहते हैं। इसलिए भारी मन और नेता प्रतिपक्ष के व्यवहार से आहत होकर सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



# विधायक सरयू राय ने सीएम को सौंपा अभ्यावेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य मंत्री पर एक गंभीर घोटाला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक अभ्यावेदन सौंपा है। अभ्यावेदन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार चयनित मानव बल आपूर्ति करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसियों का इम्पैनल्ड रद्द करने का आदेश दिया है और एक माह के भीतर नये सिरे से आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन करने के लिए अस्पतालों के अधीक्षक और जिला के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है। आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन झारखण्ड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित निविदा के आधार पर हुआ था। स्वास्थ्य मंत्री के प्रभाव में विभाग ने एक साल तक इसके साथ एकरारनामा नहीं किया और पूर्व से चल रही व्यवस्था को लागू रहने दिया। अब इनका इम्पैनल्ड रद्द कर ये चाहते हैं कि पूर्व की भांति ही आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा मानव बल उपलब्ध कराने का काम चलता रहे। आश्चर्य है कि मंत्रिपरिषद द्वारा पारित संकल्प के आधार पर जेएमएचआईडीपीसीएल द्वारा प्रकाशित निविदा द्वारा चयनित आउटसोर्सिंग कम्पनी का पैनल मंत्री ने स्वयं रद्द कर दिया और मंत्रिपरिषद को सूचित किये बिना अपने स्तर पर ही उन्होंने विज्ञापन निकालकर एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन और अस्पताल के अधीक्षकों को दिया।

### भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही : अमर कुमार बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउर ने कहा कि हम सारे मुद्दे लेकर आये हैं। हेमंत सरकार ने अनुबंधकर्मी, संविदाकर्मी और बेरोजगार युवाओं से झूठा वादा करके सत्ता हासिल की है। यह सरकार का आखिरी सत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत सरकार को सारे वादे याद दिला रही है। उनका तो कुछ होना जाना है नहीं, एक नैतिकता के आधार से सदन का इस्तेमाल कर झारखंड की जनता से माफी मांग लें और झारखंड की जनता को बख्श दें। झारखंड की जनता को उनका हाल पर छोड़ दें। जनता अपना निर्णय खुद ले लेगी। झारखंड को संवारने के लिए भाजपा आगे है।

### हेमंत के घोटाले के सामने यह सूची बहुती छोटी: बिरंची नारायण



बिरंची नारायण ने कहा कि जितना लंबा घोटाला उतनी लंबी लिस्ट है। मैं समझता हूं कि उनके घोटाले के सामने यह सूची बहुत ही छोटी है, जितना वादा खिलाफी सरकार ने किया था, उसका एक अंश इस बैनर में है। सरकार ने जो वादे करके सत्ता प्राप्त की आज हम उनको याद दिलाने बैनर के माध्यम से आये हैं।

### विधायक स्टीफन मरांडी की पत्नी का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी का स्वर्गवास बुधवार को हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस बाबत एक्स पर ट्वीट कर कहा, हमारी प्रार्थना है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को अपनी शरण में लें और इस विकट परिस्थिति में स्टीफन दा और उनके समस्त परिजनों को संबल एवं सामर्थ्य प्रदान करें।

## पृष्ठ एक का शेष

**इंद्रदेव मेहरबान, झूम के बरसे...**
घुस गया है, जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। प्रभावित गम्हेल रोड के वारिश आलम, गुड्डू अंसारी, गौसिया मदरसा रोड में अकबर खलीफा, छोटू अंसारी, शेराज खलीफा, छोटू अंसारी ने प्रशासन से राहत की गुहार लगाई है। हालांकि, अभी तक प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई इन इलाकों में नहीं की गई है। लोग किसी तरह पानी निकालने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से तत्काल राहत कार्य नहीं किए जाने एवं पानी निकासी शुरू नहीं कराने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गयी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे जलजमाव की स्थिति और गंभीर हो सकती है। जिले के चैनपुर, मेदिनीनगर सदर, सतबरवा, रामगढ़ सहित अन्य प्रखंड क्षेत्रों में बारिश होने से खेत लबालब भर गए हैं। चैनपुर इलाके में खेतों को भरते देख किसान कृषि कार्य में लगे नजर आए।

**नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण :** नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने जलजमाव की जानकारी मिलने पर गम्हेल रोड, गौसिया मदरसा मुहल्ला, नूरी मस्जिद रोड का जायजा लिया। उनके साथ अभियंता सुधीर कुमार एवं सिटी मैनेजर सतीश कुमार भी थे। वहां की स्थिति देखने के बाद नगर आयुक्त ने सिटी मैनेजर को बड़े नाले की सफाई कराने का निर्देश दिया, ताकि पानी का ओवरफ्लो ना बने। प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने एवं उसे नाले-नालियों में नहीं डालने का आग्रह स्थानीय लोगों से किया। नगर आयुक्त ने अभियंता को जलजमाव के बाद सड़क पर पाने आ जाने का कारण की रिपोर्ट बनाकर देने का निर्देश दिया।

**झारखंड के राज्यपाल के रूप में...**
मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद ह्वगार्ड ऑफ ऑनरह्व देकर गंगवार को राजभवन ले जाया गया। शपथ ग्रहण से पहले मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस ने संतोष गंगवार को राज्यपाल के रूप में शपथ दिलायी।

**राज्यपाल के लंबे राजनीतिक अनुभव का...**
दीपिका सिंह पांडेय, बन्ना गुप्ता, डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ. इरफान अंसारी, हफीजुल्ल अंसारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितीन मदन कुलकर्णी समेत कई लोग मौजूद थे।

**झारखंड विधानसभा में बालू पर...**
बालू देने की घोषणा कर दी। सरकार को यदि बालू फ्री में देना रहता तो अब तक मिलना शुरू हो जाना चाहिए था। सरकार की यह यह घोषणा सिर्फ पेपर और मीडिया के लिए है। यह सरकार बालू उपलब्ध नहीं करा पायेगी। इनकी मनसा ठीक नहीं है। नदी से बालू चोरी कर धड़ल्ले से बेची जा रही है। पहले बालू 300 रुपये ट्रैक्टर बिकता था, जो अब 12000 रुपये ट्रैक्टर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा से बालू मिल ही नहीं रहा है, मुफ्त में मिलना तो दूर की बात है।

**झारखंड में बालू है ही नहीं...**
कराया, बालू स्टॉक ही नहीं किया, तो बालू कहां से देंगे। भानू प्रताप शाही ने कहा कि अब 20 अक्टूबर के बाद ही टेंडर कर बालू स्टॉक किया जा सकता है। उसके बाद ही बालू मुहैया कराया जा सकता है लेकिन तब तक तो सरकार की विदाई ही हो जायेगी। जनता समझ रही है कि आप झूठ बोलकर कर भागे हैं। सरकार ने जो आश्वासन दिया है, वह सरासर झूठा है।

**फ्री में बालू देना झारखंड के...**
करेंगे। दीपिका ने नॉन टैक्सपेयर के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने वाली ऐतिहासिक योजना को लागू करने के लिए हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

**कुछ तो लोग कहेंगे...**
टैक्स पेयर है, जिनके अबुआ आवास पूरे नहीं हो पाये हैं, जो गरीब है, उन्हें मुफ्त में बालू उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि उनका मकान बन सके।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, चतरा

एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला
रोजगार मेला स्थल :प्रखण्ड विकास कार्यालय परिसर टण्ड़वा
तिथि : 03 अगस्त 2024

सूचना

दत्तोंपत ठेंगरी रोजगार योजना के अन्तर्गत राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिश्ठानों में नियोजित करने के उद्धेश्य से जिला नियोजनालय चतरा के तत्वावधान में दिनांक 03.08.2024 को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है :–
प्रथम चरण के रोजगार मेला 2024–25

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | VPR BGR PLR Consortium | Assistant Mechanical | 05 | ITI Machanical | 18-30 | 0/2 Years | Magadha OCP | 10000/. |
| 02 | Macawber Beekay | Helper | 7 | 10th | 18-30 | 2Years | Ntpc Tandwa | Rs. 522/Day |
| 03 | Powertronix Engineering pvt Ltd | Electrical engineer | 1 | B.Tech/B.E | 23-26 yrs | Fresh | Tandwa | Rs. 22412/. |
| | | Instrumentation Engineer | 1 | B.Tech/B.E | 23-26 yrs | Fresh | Tandwa | Rs. 22412 /. |
| 04 | RVPR Construction Pvt Ltd. | Supervisor | 1 | Matric Pass With ITI certificate any recognized board in india | 18-30 | 5-6 Years | NTPC Tandwa Chatra | Rs.734 /Day |
| | | Welder | 2 | N/A | 18-35 | 5 Years | | Rs.734/Day |
| | | Rigger | 3 | N/A | 18-35 | 5 Years | | Rs.622 /Day |
| | | Gas- Cutter | 3 | N/A | 18-35 | 5 Years | | Rs.504 /Day |
| 05 | Pranabnaman Minerals Pvt Ltd | Accountant | 2 | Graduation(in relative fields) | 20-30 | 2 years | Ranchi | 15k-18k |
| | | Senior Accountant | 1 | Graduation(in relative fields) | 20-30 | 4-5 years | Ranchi | 18k-22k |
| | | MIS Executive | 1 | Intermediate Well knowledge of Excel and DCA | 20-25 | 2 years | Singrauli (MP) | 14k-16k Accommodation on Free |
| | | MIS Executive | 1 | Intermediate Well knowledge of Excel and DCA | 20-25 | 2 years | Ranchi | 14k-15k |
| | | Tipper Driver | 5 | Should have Heavy Vilid Transport License | 25-35 | 4 Years | Latehar | 20K |
| 06 | Precision Engineaing | T G Fitter | 01 | ITI Machanical | 41 | 18 Years | NKSTPP | 19084 |
| | | FAN Fitter | 01 | ITI Machanical | 38 | 17 Years | NKSTPP | 19084 |
| | | APH Fitte | 01 | ITI Machanical | 36 | 15 Years | NKSTPP | 19084 |
| 07 | Jai Ambey Roadlines Pvt Ltd | Looder Opertor | 2 | 10th-12th | | 5 years | Amrapali | 18000-20000 |
| | | Weighman | 4 | 10th-12th | | 3 years | Amrapali | 12000 |
| | | Supervisor | 2 | BA-MA | | 5 years | Amrapali | 18000 |
| | | Mines Supervisor | 1 | Diploma Minning | | 4-5 years | Amrapali | 20000 |
| 08 | K D Constuction | GAS CUTTER | 1 | 10+ ITI | 24 | 5 Years | Tandwa NTPC | 15000 |
| | | Welder | 1 | 10+ ITI | 24 | 5 Years | Tandwa NTPC | 15000 |
| 09 | Tycoons Industries Pvt. Ltd. | Driver | 5 | Matric | 22+ | 3 Years | Phulbasia | 20,000 |
| 10 | Mata Janki Concrete Pvt Ltd. | Civil Engineer | 2 | B.Tech | 30-45 | 5 Years | Chatra & Talcher | 20000-25000 |
| | | Sit Supervisor | 2 | Diploma Civil | 30-45 | 5 Years | Talcher & Orissa | 15000-20000 |
| 11 | Commando Industrial Seurity Force | District Program Manager- DPRC | 10 | PG Social Science | 25-50 | 3 Years | | As Per the Jharkhand government notification minimum wages |
| | | Faculty-LSG/ Participatory Planning/Egovernance, OSR, Accountancy and Budgeting | 10 | PG Social Science | 25-50 | 3 Years | | |
| | | MIS cum, M&E | 10 | B.Tech/B.E/MCA | 23-40 | 3 Years | | |
| | | Data Entary Oppretor | 10 | Graduate | 23-40 | 2 Years | | |
| | | Block Program Manager Cum LSG expert | 10 | Graduate Social Science | 23-40 | 2Years | | |
| | | Guest Faculty(Based on Need Engagement/Per black) | 10 | Graduate | 21-50 | 2 Years | | |
| | | Districk Coordinator(E-Governance)/(M&E) | 10 | B.Tech/B.E./MC | 21-40 | 3 Years | | |
| | | Distric Data Entry operator | 10 | Graduate | 21-40 | 1 Years | | |
| | | Block Coordinator | 10 | B.Tech/B.E./MC | 21-40 | 2 Years | | |
| | | Account & Administrative Assistant/ Data Entry Operator/MIS specialist / Data Engineer/Analys | 10 | Graduate | 21-40 | 1 Years | | |
| 12 | Acme Education Solution Pvt.Ltd | Skil/Supervison/ Mobilzer | 12 | Graduate/Inter | 18-35 | 2 Years Field experience | Dhanbad/ Godda/ Deoghar | 10000-12000 |
| | | General Duty Assistant Trainer | 18 | GNM/ANM/B.Sc.Nursing | 18-35 | *B.Sc. (Nursing) With One year of experience *GNM/ANM with 3 years of experience | Dhanbad/ Godda/ Deoghar | 12000-15000 |
| | | Assistant-Electrician Trainer | 10 | ITI Electrician and Wireman/ Graduate/12th Pass and ITI | 18-35 | Degree in Electrical Engineering with one years experience in the relevant field | Dhanbad/ Godda/ Deoghar/Itkhori | 10000-12000 |
| | | Sampling Tailor Trainer | 18 | ITI/Diploma/ AMT,From Nift,or any other Polytechnic/institute in the core subject. | 18-35 | 3 years experience | Dhanbad/ Godda/ Deoghar | 10000-12000 |
| | | Bare Foot Technician Trainer | 08 | B.Sc.Agriculture/B. tech Civil Engineering | 18-35 | 2 years experience Agro Department/ Civil Department | Dhanbad/ Godda/ Deoghar/Itkhori Chatra | 10000-12000 |
| | | Front Office Executive (Gest office) | 10 | Graduate any stream/Hotel Management | 18-35 | 2 years experience Hotel Management/from office | Dhanbad/ Godda/ Deoghar | 10000-12000 |
| | | Project Manager | 3 | MBA/MSW | 30-45 | 10 years experience | Location-Jharkhand | 30000-50000 |
| | | Principal | 2 | B.Ed &M.Ed | 35-45 | 10 years experience | Chatra | 15000-25000 |
| | | Director-Skills | 1 | MBA | 38-45 | 20 years experience | Location-Jharkhand | 1200000-1500000 per Annum. |
| | | Lecturer-Arts/Science/Commerce | 12 | B.Ed &*Master Degree With Relevant Subject | 25-45 | 3 years experience | Chatra | 12000-15000 as-per experience |
| 13 | Svatantra Microfin Ltd | TSFO | 60 | Minimum 10th | 18-30 | 0/1 Year | All Jharkhand | 13500 / |
| | | Ro Collectior | 10 | Minimum 10th | 18-30 | 6 Month | | 13500 / |
| 14 | Gram tarang Technical Vocational Education And Traning Privet Limited | NAPS | 200 | ITI | 18-30 | | Jamshedpur | 10k |
| | | NAPS | 200 | 8th Pass to HSC | 18-30 | | Jamshedpur | 9k at Hand |
| | | NATS | 300 | Graduation, Diploma, B.Tech | 18-30 | | Jamshedpur | 12 to 14K at Hand |
| | | Press Machine Operator | 40 | 10th Pas | 22-35 | | Jamshedpur | 12K at Hand |
| | | Forklift | 12 | 10th Pas | 22-40 | | Jamshedpur | 14 to 21K at Hand |
| | | JCB Operator | 10 | 10th Pas | 22-40 | | Jamshedpur | 14 to 21K at Hand |
| | | Laser Cutting Operator | 40 | 10th Pas,ITI, Diploma | 20-35 | | Jamshedpur | 12 to 22k at Hand |
| | | Hand Griner Operator | 40 | 8th Pass To HSC | 20-25 | | Jamshedpur | 9k at Hand |
| | | Furnace Operator | 40 | 8th to 10th Pass | 20-25 | | Jamshedpur | 12to14 at Hand |
| | | NAPS | 200 | 10th pass, HSC | 18-28 | | Chennnai | 14K at Hand |
| | | D.VOC | 400 | 12th pass, ITI | 18-26 | | Chennnai | 16K at Hand |
| 15 | Kamal Fincapl PVT.LTD | Loan Officer (Field Staff) | 150 | 12th Above | 18to30 | Fresher Only | Chatra,Itkhori,Daltenganj,Patna, Panki,Japla,Chhatarpur,garwa,Ramna, | 13K CTC+2000 Fuel-Incentive |
| 16 | APS Tandwa | MIS | 4 | 12th | 20-45 | ½ Yrs | Tandwa | 10000-15000 |
| | | Mobilizer | 1 | BSC | 25/35 | ½ Yrs | Tandwa, | 10000-15000 |
| 17 | Mahendra Trades oil Section | Gate Man | 1 | 10th To 12th | 25-30 | 2 Yrs | Simariya | 10000 |
| 18 | Delhi Public School | TGT/ANY SUB. | 2 | Graduation+ | 20+ | | Tandwa Chatra | 15000 |
| | | TGT/Math | 2 | Graduation+ | 20+ | 1-2 Years | | 15000 |
| | | Computer Teacher | 1 | Graduation+ | 20+ | 1-2 Years | | 15000 |
| | | Draving / Staff | 1 | No Required | 20+ | 1-2 Years | | 12000 |
| | | PRT | 2 | 12th+ | 20+ | 3 Years | | 14000 |

अत: योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटवर्ती नियोजनालय में निबंधन कराते हुए उक्त राजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने बायोडाटा एवं सभी प्रमाण पत्रों यथा– शैक्षणिक, तकनिकी योग्यता, अनुभव, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नियोजनालय का वैद्ध निबंधन कार्ड की मूल एवं छाया प्रति तथा अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि (03 अगस्त 2024) को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक मेला स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित है, उन्हें इस रोजगार मेला के लिए दुबारा निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अत: साक्षात्कार एवं रिक्ती संबंधी सेवा शर्तो के लिए वे सीधे उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया में नियोजनालय की कोई भूमिका नहीं है। अब चुंकि राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम प्रभावी हो गया है, अत:इस अधिनियम का लाभ प्राप्त करनें हेतु उम्मीदवारों का नियोजनालयों में निबंधित होना एवं सक्षम प्रधिकार से आवसीय/सथानीय निवास प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

रोजगार मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 331362 (Labour Employment and Traning)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# जाति जनगणना की मांग को लेकर विपक्ष का लोकसभा में जोरदार हंगामा

**विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को चलाने का किया प्रयास**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने बुधवार को जाति जनगणना करवाने के लिए लोकसभा में जोरदार हंगामा और नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा वेल में आकर तख्तियां लहराने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की तरफ से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर इतिहास बनाने वाले मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की लेकिन जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करते हुए हुए विपक्षी सांसद वेल में भी आ गए। वो लगातार सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे, जाति जनगणना की मांग करते रहे और माफी मांगने की भी मांग करते रहे।

**नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा विपक्ष :** लोकसभा स्पीकर ने भी सदन में नियोजित बाधा डालने के लिए विपक्षी सांसदों को फटकार लगाते हुए कहा कि बीएसी की बैठक में यह तय हुआ था कि सदन में कोई भी तख्तियां नहीं लहराएगा। यह गलत है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वे नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही को बाधित करना चाहते हैं।



## जाति पूछने वालों से जाति पूछने पर अपमान कैसा : डॉ. संबित पात्रा

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के वार पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद डॉ. संबित पात्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि संसद में किसी का नाम नहीं लिया गया, लेकिन विपक्ष के नेता को न जाने क्यों लगता है कि उनकी जाति पूछी गई। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा कि वे पत्रकारों की जाति पूछ सकते हैं, हलवा सेरेमेनी में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति पूछी जा सकती है, न्यायाधीशों की जाति पूछी जाति है, लेकिन विपक्ष के नेता की जाति नहीं पूछी जा सकती।

## चरणजीत चन्नी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया

नई दिल्ली। लोकसभा सत्र के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के भाषण की तारीफ से कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भड़क उठी है। बुधवार को कांग्रेस ने इस मामले को लेकर विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि उन्होंने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा एक्स पर ट्वीट की गई टिप्पणी के पूरे भाषण वीडियो के साथ ट्वीट किया। यह सदन की अवमानना थी।

## जाति पूछकर अनुराग ने राहुल का अपमान किया है : खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को लोकसभा सत्र के दौरान अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर बुधवार को मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया से बातचीत में कहाकि जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सदन में इस तरह से कभी ताना नहीं मारा गया था, अब तक संसद में ऐसा नहीं हुआ है। खरगे ने कहा कि संसद में किसी की जाति नहीं पूछी जा रही है।

## सुबह-शाम जाति की बात करने वाले ही सवाल खड़े करते हैं : रिजिजू

किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के हंगामे और नारेबाजी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी सुबह-शाम-रात जाति-जाति करते रहते हैं और यहां जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को तोड़ने के लिए सबसे पहले सेना के खिलाफ बयानबाजी की और सेना का मनोबल कमजोर करने का प्रयास किया। ये देश में हिंसा भड़काने और अराजकता फैलाने के लिए उकसाते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ब्रिटेन में चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत, नौ घायल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपॉर्ट (मसीसाईड) में सोमवार को चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमले में नौ लोग भी घायल हुए हैं, इनमें छह की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया सात से ग्यारह साल के बच्चे 'टेलर स्विफ्ट योगा एंड डांस वर्कशॉप' में क्लास ले रहे थे, तभी अचानक एक हमलावर आया और उन पर हमला कर दिया। दो वयस्क जो बच्चों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, वह भी घायल हो गए। लंकाशायर के बैंक्स से एक 17 साल के लड़के को हत्या और हत्या के प्रयास के शक में गिरफ्तार किया गया है।

### क्वाड व्यावहारिक परिणाम देने वाला प्लेटफार्म है : जयशंकर

**टोक्यो ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका



का क्वाड समूह बातचीत का मंच नहीं, बल्कि व्यावहारिक परिणाम देने वाला एक प्लेटफार्म है। टोक्यो में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जयशंकर ने एसटीईएम फेलोशिप से लेकर ऑफ-ग्रिड सौर परियोजनाओं तक पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि अतीत में, बीजिंग क्वाड को चीन के खिलाफ एक विशेष गुट बता चुका है।

### कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन से राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की बैठक बुधवार को नई दिल्ली के संविधान सदन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उपस्थित रहे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा।

### मैं तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं : अधीर रंजन

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर पार्टी के प्रति अपनी नाराजगी जताई है। खास तौर पर इशारे-इशारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुराने बयानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल में तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं? दिल्ली में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल से मिलने के कुछ दिनों बाद, पांच बार के पूर्व लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के हाईकमान पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला किया है।

## जीवन और स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएं : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता



नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर उनसे जीवन और स्वास्थ्य बीमा योजना के भुगतान पर लगने वाला जीएसटी हटाने का अनुरोध किया है। नितिन गडकरी ने निर्मला सीतारमण को यह पत्र नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की ओर से प्राप्त ज्ञापन पर लिखा है। अपने पत्र में गडकरी ने लिखा है कि जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 प्रतिशत की जीएसटी दर लगती है।

## बजट में आर्थिक वृद्धि पर जोर, सभी राज्यों को धन का आवंटन : सीतारमण

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को



राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। बजट में किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब यह नहीं है कि उसे पैसे जारी नहीं किए गए हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के बजट 2024-25 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। यह सिद्धांत अगले पांच साल जारी रहेगा और हम तब तक इसे जारी रखेंगे जब तक भारत विकसित देश नहीं बन जाता। सीतारमण ने चर्चा के दौरान विपक्ष पर दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के लिए केंद्रीय बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 8000 करोड़ रुपये ज्यादा है।

## फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी ने 19 ठिकानों पर छापा मारा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान भारत योजना में फजीर्वाड़े को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस योजना के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने के मामले में राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी और कुल्लू सहित 19 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें हिमाचल के कांग्रेस विधायक आरएस बाली भी शामिल हैं। आयुष्मान भारत योजना धोखाधड़ी मामले में बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल सहित कई नामी-गिरामी अस्पतालों में ऐसे फर्जी कार्डों पर कई मेडिकल बिल बनाए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और लोगों को नुकसान हुआ है। इस फजीर्वाड़े में हिमाचल प्रदेश के दो कांग्रेसी नेताओं का नाम सामने आया है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** ड्रिलिंग इंजीनियर के तौर पर आप तेल और गैस के कुओं की ड्रिलिंग के लिए आवश्यक कार्यों की योजना, विकास और टेस्टिंग के लिए जिम्मेदारी निभाते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर कुएं के डिजाइन से लेकर टेस्टिंग और लागत के लिए भी कार्ययोजना तैयार करते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर सुरक्षा प्रबंधन की देखरेख करने और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भूवैज्ञानिकों और भूवैज्ञानिकों जैसे अन्य पेशेवरों के साथ काम करते हैं। एक ड्रिलिंग इंजीनियर पेट्रोकेमिकल कंपनियों के लिए काम करता है, ऑयल-रिग ड्रिलिंग ऑपरेशंस की योजना और प्रबंधन करता है। वे विभिन्न ड्रिलिंग उपकरण और मशीनरी पर डिजाइन और रखरखाव करते हैं और इसकी सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए ड्रिलिंग प्रक्रिया की देखरेख करते हैं। ड्रिलिंग इंजीनियर आमतौर पर आर्गनाइजेशन के रुपये बचाने और कुओं को ड्रिल करने के तरीकों को कार्यान्वित करते हैं। कुछ ड्रिलिंग इंजीनियर लंबे समय तक काम करते हैं, शिफ्ट में घूमते हैं।

# ड्रिलिंग इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर



### ड्रिलिंग इंजीनियर के कार्य क्या हैं

- ड्रिलिंग इंजीनियर प्रत्येक कुएं की डाटा शीट तैयार करता है।
- विभिन्न कुओं की ड्रिलिंग के लिए उत्पादन प्रवाह (प्रोडक्शन फ्लो) और योजना बनाना।
- कर्मचारियों और संचालन की प्रगति की निगरानी करना।
- ड्रिलिंग प्रयासों की दैनिक लागत और बजट पर नज़र रखना और व्यय प्रस्तावों के साथ लागत की तुलना करना।
- ड्रिलर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रक्रियाएं बनाना।
- टीम और कस्टमर्स के लिए ड्रिलिंग और कॉन्ट्रैक्ट का निर्माण करने के लिए जिम्मेदारी निभाना।
- भू-भाग के विभिन्न स्तरों पर कुएं खोदना और रास्ते डिजाइन करना।
- ड्रिलिंग स्थान के जोखिमों का आंकलन करना।
- ड्रिलिंग ऑपरेशन की रिपोर्टिंग और लॉजिस्टिक्स का मैनेजमेंट करना।
- अच्छे पथ पर दिशात्मक डिज़ाइन के लिए जिम्मेदार।
- छोटे कस्टमर्स की ओर से मैनेजमेंट करना।
- ड्रिलिंग न होने की स्थिति में साइट को उसकी सेम सेटिंग में लौटाना।
- ड्रिलिंग इंजीनियर बनने के लिए विदेशी विश्वविद्यालय
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क
- टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- एडिलेड विश्वविद्यालय
- अल्बर्टा विश्वविद्यालय
- हेरियट-वाट विश्वविद्यालय
- किंग फहद यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड मिनरल्स

### भारतीय बीश्वविद्यालय



- आईआईटी मद्रास
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, बैंगलोर
- आईआईटी मुंबई
- आईआईटी गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम। यूनिवर्सिटी